तापमान
अधिकतम 30.8 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024

10 जरुरतमंदों को बांटी गई आवश्यक सामग्री



11 राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने मनाया विजयादशमी





# पंचायतों में दो साल से नामांतरण नहीं, मुख्यालय में एक हजार प्रकरण लंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

जिला मुख्यालय में आठ हजार से अधिक राजस्व संबंधी प्रकरण पेडिंग है। इसमें ज्यादातर अविवादित नामांतरण के हैं, ये प्रकरण दो साल पहले ग्राम पंचायत स्तर पर होता था। लेकिन वर्तमान में प्रक्रिया आनलाइन किए जाने के चलते ग्राम पंचायतों में यह प्रक्रिया बंद हो गई हैं। हालात यह है कि, विक्रेताओं को गांव छोड शहर का चक्कर लगाना पड रहा है। आनलाइन नामांतरण बंद होने से तहसीलदारों व नायब तहसीलदार के कोर्ट में दबाव बढ गया है। जानकारी अनुसार वर्ष 2022 से ग्राम पंचायत में न सिर्फ अविवादित नामांतरण बल्कि फौती कटाने से संबंधित सभी कार्य होते थे। लेकिन पिछले दो साल से राज्य शासन द्वारा नामांतरण की प्रक्रिया आनलाइन कर दी गई है। इसके लिए तहसीलदारों के आईडी से प्रक्रिया हो रही है। जबकि आनलाइन की सुविधा गांव में नही दी गई हैं। यही कारण है कि, गांव में होने वाले राजस्व प्रकरण के लिए फरियादियों को मुख्यालय की ओर रूख करना पड रहा है। जिला पंजीयक कार्यालय से रजिस्ट्री होने के बाद प्रकरण तहसीलदारों के आईडी में फरवर्ड कर दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि, वर्ष 2022 के बाद से ग्राम पंचायतों में आनलाइन अविवादित नामांतरण की सुविधा बंद हो गई है, जिससे सभी प्रकरण तहसील मुख्यालय में पहुंच गए है। तहसील के आईडी से प्रकरण पटवारियों को भेज रहे हैं। जानकारों की माने तो अविवादित प्रकरण गांव में होने के दौरान पन्द्रह दिन में सुनवाई होती थी। लेकिन तहसील मुख्यालय में यह प्रकरण छः माह तक खिंचे जाते हैं। हांलाकि भू राजस्व संहिता के तहत विवादित को तीन और अविवादित को छः माह के अंदर निपटारा किया जाना अनिवार्य हैं।

### नामांतरण के 1214 प्रकरण पेडिंग

हरिभूमि सरोकार

जिले में 1214 प्रकरण नामांतरण के पडिंग है। इसमें अविवादित प्रकरण भी शामिल हैं। पटवारियों का कहना हैं कि, ग्राम पंचायत को सिर्फ अविवादित प्रकरण को सुलझाने का अधिकार है। हांलाकि वर्ष 2022 के बाद आनलाइन नामांतरण ने ग्राम पंचायत के अधिकार को छिन लिया है। इससे न सिर्फ फरियादी बल्कि तहसीलदारों को भी प्रकरण के निराकरण करने में दबाव महसूस हो रहा हैं।

## गांव में आनलाइन सुविधा नहीं, काट रहे फरियादी मुख्यालय का चक्कर



- जिले में 8478 प्रकरण पेडिंग, लंबे समय से निराकरण नहीं
- अविवादित नामांतरण के लिए ग्राम पंचायतों में सुविधा का अभाव

### गांव में नेट की सुविधा नहीं होने से व्यवधान

जिले के अधिकांश गांव में नेट की सुविधा नही हैं। इंटरनेट की सुविधा और कम्प्यूटर सिस्टम का अभाव होने के कारण भी जिला पंजीयक व उप पंजीयक कार्यालय से ग्राम पंचायतों के आईडी में प्रकरण भेजने के बाद यहां तकनीकि सुविधा के अभाव के कारण प्रक्रिया अटक जाएगी। शासन द्वारा सरकारी योजनाएं पेपर लैस कर दिया है। लेकिन गांव में अभी तक तकनीकि सुविधा का अभाव बना हुआ हैं।

### पंचायतीराज अधिनियम में प्रावधान

पंचायतीराज अधिनियम 1993 में आरई के समकक्ष अधिकार अविवादित नामांतरण व फौजी जमीन की खरीदी-बिक्री का अधिकार ग्राम पंचायत को दिया गया हैं। राजस्व विभाग द्वारा पटवारियों को अविवादित नामांतरण की प्रक्रिया के निपटारे के लिए आईडी जारी किया गया है। लेकिन आनलाइन सिस्टम शुरू होने के बाद राज्य के पंचायत विभाग ने इसमें नजरअंदाज कर दिया था। जिसके चलते गांव में सचिवों के जरिए होने वाले अविवादित नामांतरण व फौती जमीन की खरीदी-बिक्री प्रक्रिया नही हो पा रही हैं।

## खबर संक्षेप

### धमधा के सूने मकान से लाखों की चोरी

**धमधा ।** सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि बजरंग चौक वार्ड 6 निवासी गौतम राम यादव ने शिकायत किया है कि वे ग्राम सलोनी जिला राजनांदगांव में कृषि कार्य करता है और धमधा में परिवार के साथ अपने ससुराल में निवास करता है। 19 अक्टूबर की शाम मकान में ताला जड़कर सास को कुम्हारी जाने के लिये बस बैठाया। अपनी पत्नी मंजूला यादव, बच्चो को लेकर कार से ग्राम सलोनी चला गया। 20 अक्टूबर की दोपहर फोन आया कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। अज्ञात ने आलमारी से सोना चांदी के जेवरात गायब मिले।

### सोसायटी में चोरी

**भिलाई।** सोसायटी में चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ई) व 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि सेवा सहकारी समिति कुम्हारी के प्रबंधक प्रमोद कुमार रामटेके ने शिकायत किया है कि 16 अक्टूबर की शाम समिति कार्यालय कुम्हारी में चौकीदार सोनसाय चतुर्वेदी तबियत खराब होने से कार्यालय में ताला लगाकर अपने घर चला गया था। 17 अक्टूबर की सुबह चौकीदार जब पहुंचा तो उसने फोन कर बताया कार्यालय में चोरी हो गया है। कार्यालय से सीसी कैमरा केबल वायर 200 मीटर, 4 बोरा सिलाई मशीन, हेलोजन लाइट, एलईडी लाईट, समेत अन्य सामान पार कर दिया है।

जेवरा सिरसा पुलिस चौकी की घटना : मुआवजे को लेकर ग्रामीणों ने किया धरना

# ट्रक चालक की झपकी ने ले ली तीन की जान, मासूम है गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

ट्रक चालक की एक झपकी ने तीन लोगों की जान ले ली। हादसा जेवरा सिरसा पुलिस चौकी का है। डेढ़ वर्षीय मासूम है गंभीर जिसका उपचार निजी अस्पताल में जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पउवारा उतई निवासी रानी उर्फ ऋतु साहू 32 वर्ष अपने दोनों बेटियां जया 11 वर्ष और डेढ़ वर्षीय पूजा को साथ लेकर ग्राम ढौर आ रही थी। इस दौरान फोन कर अपने भाई राकेश उर्फ पप्पू साहू को मांडले ढाबा रामेश्वरम महादेव मंदिर सीएम अस्पताल कचदूर सड़क पर बुलाया था।

इस दौरान बहन ऋतु और उसके बच्चों को लेने के लिए राजेश अपनी बाइक सीजी 07 एजे 6916 में आया था। सामने रामेश्वरम मंदिर था जहां तीनों मां बेटी पूजा अर्चना कर सड़क पार कर भाई के बाइक पर बैठकर वार्ड 1 ढौर गांव जाने के लिए तैयार हो रहे थे। इस दौरान ट्रक सीजी 08 एएक्स 9046 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक समेत राजेश, रानी,जय और पूजा को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में राजेश, रानी, जया तीनों चक्के में फंस गए। वहीं मासूम पूजा बच गई घटना में इसे गंभीर रुप से चोट आई है। घटना सोमवार की सुबह 7 बजे की है हादसे की खबर लगने पर ग्रामीण घटनास्थल पहुंचकर चार घंटे तक जमकर धरना पर बैठ गए। ट्रक से शव को बाहर निकालने नहीं दे रहे थे। पुलिस अफसर एएसपी सुखनंदन राठौर, डीएसपी एलेक्सजेंडर किरो, ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर समेत पुलिस फोर्स मौके पर पहुची। प्रदर्शन कर रहें लोगों को काफी समझाइश दी। लेकिन कोई भी समझने को तैयार नहीं था। ग्रामीणो ने मुआवजे को लेकर सड़क पर प्रदर्शन करने लगे। प्रशासन ने 75 हजार का चेक और ट्रक मालिक ने 1 लाख कैश देने के बाद माहौल शांत हुआ। दोपहर 12 बजे ट्रक में फंसे शव को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया।



मृतकों में राजेश साहू, रानी उर्फ रीतु साहू, जया साहू है। वहीं डेढ़ साल की पूजा गंभीर है।

### उजड़ गया परिवार

परिजनों ने बताया कि मंदिर से पूजा कर सड़क पार कर बाइक पर चढ़ रहे थे। तीनों अपने साइड पर थे। लेकिन ट्रक चालक ने अचानक रौंद दिया। ट्रक चालक ने पूरे परिवार को उजाड़ दिया। रानी, जया, पूजा सभी कचान्दूर में गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। तभी रामेश्वरम महादेव मंदिर के पास सुबह 6:30 से 7 के बीच हादसे का शिकार हो गए। राजेश साहू अपनी बहन ऋतु और दोनों भांजियों को बाइक में लेने आया था।

### मां रोती बिलखती रही

रोते बिलखती मां अपना बेटा राजेश की मौत की खबर सुनकर टूट गई। जिसे ट्रक चालक ने मारा डाला इस तरह की बातें करते थक नहीं रुक रही थी। राकेश प्राइवेट काम करता था। उसके दो बच्चे है।दोनों मासूमों को पता नहीं है कि उसके पिता अब इस दुनिया में नहीं है। हादसे की जानकारी लगने के बाद गृह प्रवेश का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। कार्यक्रम में शामिल होने से परिवार के लोग दूर-दूर से आए हुए थे।

### बच्चीं तड़प रही थी उसे गोदी में उठाया



प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीण लुकेश यादव ने बताया कि सुबह खेत में पानी पलटी करने जा रहा था। तभी रानी ने मुझे देख पांव भी छुआ था। जैसे की आगे बढ़ा चिखने चिल्लाने की आवाज आई। पीछे पलट कर देखा तो ट्रक चारों को चपेट में लिया था। मासूम बच्चीं पूजा तड़प रही थी। जिसे गोदी में उठाकर तुरंत परिजनों के यहां गया। बच्चीं को अस्पताल पहुचाया गया। वहीं तीनों ने दम तोड़ दिया था। एक-एक कर सभी ग्रामीण घटनास्थल पहुचे और मांडले ढाबा के पास लोगों ने ईंट से ट्रक के खिड़की पर वार कर चालक को बाहर निकाला गया। इसके बाद चालक की जोरदार पिटाई हो गई। पुलिस वालों ने उसे तुरंत थाना लेकर चले गए।

### भारी वाहनों का प्रवेश बंद हो

ग्रामीण व सतनामी समाज के नेता अशोक मंडारे ने कहा कि भीतरी सड़कों पर भारी वाहनों के चलने से लगातार लोग हादसे का शिकार हो रहें है। जिस ट्रक से हादसा हुआ है। वह जेके लक्ष्मी सीमेंट फैक्ट्री से ट्रक में सीमेंट लोड था। वहीं से ट्रक आ रहा था। नाया पारा के पास ट्रक चालक को लोगों ने पहले रफ्तार कम करने की सलाह दी थी। लेकिन चालक तेज रफ्तार से ट्रक चला रहा था। मृतक परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है उन्हें प्रदेश सरकार से मांग है कि उन्हें सहायता के रुप में आर्थिक मदद किया जाएगा।

### तीन की हुई है मौत

हादसे में तीन की मौत हो गई है। एक घायल है। ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा तीनों को 25-25 हजार रुपए की राशि भी दी गई है। हादसे का कारण पता करने पुलिस जांच में जुटी है।

**सुखनंदन राठौर,** एएसपी

त्रिपक्षीय एग्रीमेंट में हुआ तय

# भिलाई में होगा कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

प्रदेश में सतत एसएटीएटी-सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टूवर्ड्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन योजना के अंतर्गत नगरीय ठोस अपशिष्ट से जैव ईंधन जैसे कि कम्प्रेस्ड बायोगैस उत्पादन की आपार संभावनाओं को देखते हुये छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा निरंतर प्रयास के फलस्वरूप भारत सरकार के उपक्रम भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा नगर पालिक निगम भिलाई में 100-150 टन प्रतिदिन एमएसडब्ल्यू आधारित कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की स्थापना की जाएगी। 13 मार्च को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप-मुख्यमंत्री अरूण साव की उपस्थिति में नगर पालिक निगम, रायपुर-भिलाई, सीबीडीए एवं बीपीसीएल के मध्य 2 कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्रों की स्थापना के लिए त्रिपक्षीय एमओयू निष्पादित किया गया था। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में लोक निर्माण विभाग के सभागार में नगर पालिक निगम भिलाई, सीबीडीए एवं भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के मध्य त्रिपक्षीय कंसेशन एग्रीमेंट में हस्ताक्षर किया गया। इस एग्रीमेंट के तहत निगम भिलाई अंतर्गत ट्रेचिंग ग्राउड जामुल में बीपीसीएल द्वारा स्वयं के निवेश से सीबीजी संयत्र की स्थापना की जायेगी, जिससे विभिन्न लाभ होंगे। इससे निगम भिलाई एवं दुर्ग जिले के आसपास के नगर निगमों के लगभग 150 मिट्रिक टन प्रतिदिन नगरीय ठोस अपशिष्ट का उपयोग जैव ईंधन उत्पादन में किया जायेगा। उक्त संयंत्र में लगभग 60 करोड़ रूपए की राशि का निवेश शत-प्रतिशत बीपीसीएल द्वारा किया जायेगा। प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 0.30 लाख मानव दिवस प्रतिवर्ष रोजगार सृजित होंगे। संयंत्र निर्माण के दौरान भी बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र में पूर्ण क्षमता के उत्पादन एवं विक्रय होने पर प्रतिवर्ष लगभग राशि 1 करोड़ रूपये का जीएसटी प्राप्त होगा। संयंत्र में सह उत्पाद के रूप में प्राप्त जैविक खाद से जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। इस एग्रीमेंट हस्ताक्षर कार्यक्रम में सीबीडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित सरकार, हेड बायोफ्यूल्स बीपीसीएल मुम्बई अनिल कुमार पी, आयुक्त निगम भिलाई बजरंग दुबे, बीपीसीएल एवं ऊर्जा विभाग के प्रमुख अधिकारी एवं विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

- 150 मिट्रिक टन ठोस अपशिष्ट से जैव ईंधन का होगा उत्पादन

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

पीडब्ल्यूडी की फर्जी नियुक्ति पत्र देकर रुपए ऐठने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि आरोपी प्रगति नगर रिसाली निवासी सिद्धार्थ कोरी उसके अन्य साथी द्वारा पीडब्लूडी विभाग नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख रुपए का ठगी किया। जिसकी शिकात क्वाटर नंबर 24बी, सड़क 36, सेक्टर 4 भिलाई निवासी अजय कुमार पटेल ने पुलिस से की थी। पिता चिंतामणी पटेल बीएसपी में नौकरी करते हैं। उनके साथ रामकुमार कोरी भी बतौर सहकर्मी के रुप में काम करता था। रामकुमार कोरी सेवानिवृत्त हो गया। पूर्व परिचय के दौरान चिंतामणी पटेल को रामकुमार कोरी ने बताया कि उसका बेटा सिद्धार्थ कोरी पीडब्लूडी विभाग में नौकरी करता है, उसकी वहां अच्छी पकड़ है। अजय पटेल को भी नौकरी लगवा देगा। इसके बाद बेटे की नौकरी के लिए चिंतामणी पटेल ने आरोपी सिद्धार्थ कोरी के द्वारा अभिजीत विश्वकर्मा नामक युवक से मुलाकात कराई थी। उसे आरोपी ने विभाग का बड़ा अधिकारी बताकर पेश किया था। नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख रुपए पीड़ित से मांगे थे। 5 -5 लाख कर दो किस्तों में आरोपियों को बेटे की नौकरी के लिए रुपए दिया। पीडब्ल्यूडी विभाग का अजय कुमार पटेल के नाम का नियुक्ति पत्र व परिचय पत्र दिया गया। जब अजय कुमार नौकरी के लिए पहुंचा तो नियुक्ती पत्र फर्जी निकला। परेशान पीड़ित शिकायत पुलिस से किया। पुलिस ने सिद्धार्थ कोरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई में भठ्ठी टीआई राजेश साहू का योगदान रहा।



# शिवनाथ नदी में कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

एक युवक के शिवनाथ नदी में कूदकर अपनी जान देने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना पर पुलिस एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव का मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है। दुर्ग कतोवाली पुलिस ने बताया कि सोमवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम ने शिवनाथ नदी से शव को बाहर निकाला। जिसका नाम दीपक नगर दुर्ग निवासी रविराज रंधावा के रूप में शिनाख्त किया गया। रविराज ने जिस ब्रिज से छलांग लगाई थी वहां उसकी कार लावारिस हालत में पड़ी मिली। सड़क पर एक सुसाइड नोट भी मिला है। एसडीआरएफ टीम के प्रभारी नागेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक उन्हें रविवार रात 11-12 बजे के घटना की सूचना मिली थी। पीपरछेड़ी ब्रिज के ऊपर लावारिश कार खड़ी है। अंधेरा हो जाने के कारण अपनी टीम को सोमवार सुबह भेजा। टीम मौके पर पहुची तो देखा कि कार ब्रिज में खड़ी है और नदी में शव पानी में तैरता दिखाई दे रहा है। इसी दौरान टीम को एनएचआई के अधिकारियों ने सड़क पर पड़ा सुसाइड नोट दिया। टीआई विजय यादव ने बताया कि मृतक रविराज रंधावा ने सुसाइड नोट भी लिखा है। जिसमें कई नाम शामिल है। जिसमें हिसाब किताब की बातें लिखी है क्लेम परिवार के लोगों को मिलने तक की बात लिखी हुई है।

- पुलिस जांच में जुटी




19 महार रेजीमेंट लांस हवलदार थे, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

# जवान का पार्थिव शरीर गृह ग्राम पहुंचा, अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

लेह लदाख में ऑक्सीजन की कमी होने से जिले के सपूत ग्राम कोडिया निवासी उमेश साहू की मौत हो गई। जिनकी ड्यूटी बर्फीले पहाड़ों पर लगी हुई थी। उमेश का पार्थिव शरीर गृह ग्राम पहुचने पर पूरे राष्ट्रीय सम्मान के साथ गांव में उसका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा भी निकाली गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उमेश भारतीय सेना के 19 महार रेजिमेंट में लांस हवलदार था। बर्फीले पहाड़ों पर ड्यूटी करने के कारण उनकी तबियत बिगड़ गई। डॉक्टरों ने उनका इलाज किया, लेकिन लगातार शरीर में ऑक्सीजन की कमी के चलते 19 अक्टूबर की देर शाम दम तोड़ दिया। पत्नी को करवा चौथ के दिन शहादत की सूचना मिली। उमेश दस साल पहले आर्मी में भर्ती हुए थे। तब से वो लगातार देश की सेवा में तैनात रहे। जब भी उमेश साहू वो छुट्टियों में गांव आते युवा उनसे सेना में जाने की जानकारी लिया करते। वो युवाओं को सेना में भर्ती के लिए फिजिकल तैयारियों की जानकारी देते थे। उमेश साहू की पत्नी करवाचौथ के दिन पूजा की तैयारी कर रहीं थी लेकिन उससे पहले ही जिला प्रशासन और सेना की तरफ से परिजनों को उनकी शहादत की सूचना दी। इससे परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। श्रद्धांजली देने विधायक ललित चंद्राकर,पूर्व गृह मंत्री, कलेक्टर, एसपी जितेन्द्र शुक्ला और आर्मी के अफसरों की टीम सलामी दी।



### पिता का इलाज कराकर काम पर लौटे थे

ग्रामीणों ने बताया शहीद उमेश कुमार साहू मध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं। कुछ वर्षों में ही वो अपने बड़े भाई, अपनी मां को खोने के बाद बीते जून माह में अपने छोटे भाई को खोया था। भाई के दशगात्र के बाद वो ड्यूटी पर जाने वाले थे, लेकिन घर पर पिता की तबियत बिगड़ने से उनको छुट्टी बढ़ानी पड़ी। पिता का इलाज कराने के बाद बीते 30 अगस्त को ही ड्यूटी पर लौटे थे। इस दौरान उनकी ड्यूटी लेह-लद्दाख में लगाई गई। उनकी शहादत के बाद अब उनके पीछे घर पर अस्वस्थ पिता, पत्नी और छोटे बच्चे हैं।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### अवतरण दिवस पर 101 यूनिट ब्लड डोनेट

**दुर्ग।** जिला हॉस्पिटल में पूज्य सतगुरु साई गोबिंदराम साहिब के 80 साला अवतरण दिवस के अवसर पर संत डॉ युधिष्ठिर लाल साहिब के सानिध्य मे शदाणी सेवा मण्डल एवं शदाणी युवा मण्डल सिंधी समाज, नवदृष्टि फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा 101 यूनिट ब्लड जरुरत मंद मरीजो के लिए डोनेट किया गया। इस अवसर पर डॉ मनोज दानी सीएमओ, डॉ हेमंत साहू सिविल सर्जन, डॉ प्रवीण अग्रवाल नोडल अधिकारी ब्लड बैंक, डॉ पियूष श्रीवास्तव, आसनदास मोहनानी अध्यक्ष पूज्य सिंधी जनरल पंचायत, सेवकराम खत्री अध्यक्ष पूज्य शदाणी सेवा मण्डल, राजू पाहुजा राज अडतीया, जितेंद्र हासवानी, प्रेम शोभानी उपस्थित थे।

### 15 साल से पुराने 117 वाहनों की होगी नीलामी

**दुर्ग।** राज्य शासन के वित्त विभाग ने पन्द्रह साल पुराने ऐसे सभी वाहनों को नीलामी के निर्देश दिए हैं। जिले में 15 साल से पुराने विभिन्न प्रकार के 117 वाहनों की जानकारी सामने आई है। पुराने वाहनों की नीलामी के बाद संबंधित विभागों को नए वाहन मुहैया कराए जाएंगे। कलेक्टर ने पूर्व में टीएल की बैठक में सभी विभागों से आरटीओ को जानकारी दिए जाने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर ने विभागवार जानकारी देने के निर्देश दिए थे। उन्होंने ऐसे सभी वाहनों को पोर्टल में दर्ज करने को कहा था। पंजीकृत वाहनों की अपसेट प्राइज निर्धारित करने के लिए समिति को आगे की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। आरटीओ अधिकारी एसएल लकडा ने बताया कि, आरटीओ, पीडब्ल्यूडी विद्युत यांत्रिकी और संबंधित विभागीय अधिकारी इस समिति में शामिल है। समिति द्वारा मौका मुआयना कर भौतिक मूल्य का निर्धारण किया जाएगा। बताया कि, स्क्रैपिंग प्रक्रिया के लिए वाहनों की नीलामी की जाएगी।

### तीन दिवसीय उन्नयन प्रशिक्षण संपन्न

**दुर्ग।** मछली पालन विभाग द्वारा शिक्षण प्रशिक्षण योजना अंतर्गत 3 दिवसीय मछुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखण्ड दुर्ग एवं धमधा प्रभारियों द्वारा 200 पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण सह भ्रमण कराया गया। जिसमें जिपं. अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा यादव, उपाध्यक्ष अशोक साहू, कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष श्रीमती योगिता एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लक्ष्मी साहू उपस्थित थी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा, तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

रा.प्र.क्र. / / ब-121/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद कुमार साहू पिता ईश्वरी प्रसाद साहू ग्राम लिमतरा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा पेश आवेदन में उल्लेख कर की माता इन्द्रा बाई साहू पति ईश्वरी प्रसाद साहू का निधन दिनांक 02.04.2021 को ग्राम लिमतरा में हुआ है। संबंधित विभाग/ग्राम पंचायत लिमतरा द्वारा पेश अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के आधार पर स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सहपठित छ.ग. राज्य) नियम 1973 के नियम 10(3) के अंतर्गत निर्देश देने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 23.10.2024 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.10.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 04.10.2024
सुनवाई दिनांक :- 23.10.2024

मुहर — नायब तहसीलदार अहिवारा

## नाराजगी : किसानों ने आगामी 24 अक्टूबर को प्रदर्शन की दी चेतावनी

# स्क्वेयर फीट के बजाय हेक्टेयर में मूल्यांकन से किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राजनांदगांव के टेडेसरा-देवादा से दुर्ग को छूकर नया रायपुर तक बनने वाले सिक्सलेन कारीडोर में राजस्व अधिकारियों द्वारा बडी गडबडी कर दी गई है। दुर्ग जिले के दर्जनभर से अधिक गांव में सैकडों किसानों ने कम मुआवजा मिलने की शिकायत जिला प्रशासन से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कर चुके है। लेकिन इसके बाद भी सुनवाई नही होने से किसानों में आक्रोश की स्थिति निर्मित है।

भारतमाला परियोजना के तहत वर्तमान में काम भी शुरू हो गया है। जिला प्रशासन के राजस्व विभाग द्वारा किसानों को अंधेरे में रखकर मूल्यांकन किया गया है। इस मामले को लेकर सोमवार को पीडित किसानों ने आगामी 24 अक्टूबर को धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इस दौरान एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होने कह है कि, आज तक एक भी अधिकार मूल्यांकन करने नही पहुंचे है। किसान शिव चंद्राकर, नेमचंद चोपडा, अखिलेश साहू व रोहित साहू का कहना है कि, किसानो की जानकारी बगैर कब मूल्यांकन किया गया हैं। उन्हे भी जानकारी नही दी गई हैं। ग्राम धनोरा हनोदा, बोरीगारका, पुराई, उमरपोटी एवं अन्य समस्त ग्रामों के भू स्वामियों की जमीन जो की भारतमाला परियोजना के अंतर्गत प्रभावित हुई है, उसका मुआवजा पिछले 7 वर्षों से नहीं मिला है। जिसके लिए काफी लंबे समय से भूस्वामियों द्वारा मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर एवं एसडीएम सभी जगह भूस्वामियों द्वारा मिलकर एवं पत्र के माध्यम से अपनी परेशानियां अवगत करा चुके है। लेकिन सुनवाई नही हो रही हैं।

**तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी पर गड़बड़ी का लगाया आरोप**



### पन्द्रह दिन बाद भी निष्कर्ष नहीं

किसानों ने बताया कि, विगत 19 सितंबर 2024 को कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया था। जिस पर कलेक्टर ने 15 दिन का समय मांगा गया था। उसके बावजूद भी आज तक कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। किसान मोहन साहु व दुर्गेश ने बताया कि, मूल्यांकन के बाद बनाए गए प्रकरण की जानकारी भी मांग रहे है। सूत्रों ने बताया कि, किसानों को जानकारी दिए बगैर जिला प्रशासन द्वारा नेशनल प्राधिकरण को प्रकरण भी भेज दिया गया है।

### इसलिए नुकसान कह रहे किसान

भारतमाला परियोजना के दायरे में आ रहे जमीन, जो पांच सौ वर्गमीटर से कम है। उनका निर्धारण स्क्वायर फीट में करना है। इससे अधिक की जमीन को ही हेक्टेयर में मूल्यांकन करना है। लेकिन दुर्ग के राजस्व अधिकारियों ने लापराही बरतते हुए छोटी जमीन का भी हेक्टेयर में मूल्यांकन कर दिया। जिससे किसानों को कम मुआवजा मिल रहा हैं। एक अनुमान के मुताबिक एक एकड जमीन का मूल्यांकन करने पर करीब बीस लाख मिलता है, लेकिन छोटा टुकडा जैसे पांच सौ वर्गमीटर से कम है तो यह राशि करोडों तक पहुंच जाती है। यही कारण है कि, किसान हेक्टेयर में मूल्यांकन का विरोध कर रहे हैं।

### विधायक ललित ने भी दिए निर्देश

पीडित किसानों ने इसकी शिकायत दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से भी कर चुके है। जिस पर विधायक ने कलेक्टर को दुबारा प्रकरण भेजने के निर्देश दिए है। विधायक ने छोटी जमीन को हेक्टेयर के बजाय स्कववायर फीट में मूल्यांकन करने कहा है। किसानों का कहना है कि, पूर्व अनुविभागीय दंडाधिकारी द्वारा जानबूझकर 500 वर्ग मीटर से नीचे की भूमि जिसका मुआवजा स्क्वायर फीट में मिलना है, उसे भी नियमों को तोड़ते हुए हेक्टेयर में मुआवजा बनाकर अवार्ड के लिए भेज दिया गया है। ऐसे में पिछले 7 वर्षों से किसान परेशान है।

# निगम की लापरवाही, स्पैरो ने लगाया लाखों का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग




विगम वर्ष 2023 के वित्तिय वर्ष से स्पैरों कंपनी का ठेका समाप्त हो चुका है। लेकिन यहां आम जनता की मोटी रकम कंपनी डकार गई है। कंपनी के कर्मचारियों पर आर्थिक अनियमितता के मामले में कार्यवाही किए जाने के बजाय निगम प्रशासन ने एक बार फिर ऐसे पीडित जिन्होने स्पैरों को टैक्स की राशि का भुगतान किया है, उन्हें फिर से शिकायत करने के निर्देश दिए है। बकायदा उनसे अपील की जा रही है।

- आम जनता की गाढ़ी कमाई वसूल ले गई कंपनी

उल्लेखनीय है कि, स्पैरो कंपनी के पिछले पांच साल में लाखों रूपए की गडबडी की बात सामने आई हैं। नगरनिगम के राजस्व अधिकारियों और स्पैरों कंपनी के कर्मचारियों के सांठगांठ के चलते करीब साठ लाख रूपए का हिसाब किताब नही मिल रहा है। अप्रैल माह से जब निगम के राजस्व अधिकारी लोगों से डोर टू डोर टैक्स वसूलने जा रहे है तब उन्हें जानकारी मिल रही है कि स्पैरों कंपनी द्वारा टैक्स की राशि जमा करा लिया गया है। अब तक ऐसा नही है कि, कंपनी की शिकायत नही मिली है। इसके पहले भी आयुक्त लोकेश चंद्राकर के नाम पीडितों ने कंपनी की शिकायत की है। लेकिन कार्यवाही अब तक नही हुई हैं। वही हाल ही में एक समाचार जारी कर आम लोगों से अपील की गई है। जिसमें करदाताओं को कहा जा रहा है कि, निगम से इसकी लिखित शिकायत करे। सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोईर का कहना है कि, सोमवार को कंपनी के तीन कर्मचारी निगम में पहुंचे है, जिनका द्वारा हिसाब लिया जा रहा हैं।

### पुलिस स्मृति दिवस पर दी गई श्रध्दांजलि

**दुर्ग।** शहीद भगत सिंह रा.उ.मा. विद्यालय तितुरडीह में सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर झीरम घाटी हमले में शहीद हुए विद्यालय के पूर्व छात्र सोमबहादुर थापा को श्रद्धांजलि दी गई और उनके कार्यों को याद किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक एसएन हरमुख ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सीपी अग्रवाल के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



# पन्द्रवें वित्त की राशि से होंगे विकास कार्य, लीज पर देंगे व्यावसायिक परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग




मेयर इन काउंसिल की बैठक सोमवार को महापौर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 12 एजेंडा पर बारी बारी चर्चा कि गई। जिसमें 15वे वित्त आयोग अंतर्गत निकाय को इंसेटिव राशि 179 लाख प्राप्त हैं। प्राप्त राशि से कुल 46 स्थानों पर पेवर ब्लॉक कार्यों का प्रस्ताव स्वीकृति किया गया। वार्ड 57 उरला स्थित खेल मैदान का विकास कार्य 198.39 लाख की स्वीकृति अधोसंरचना मद अंतर्गत शासन के आदेश द्वारा प्राप्त हैं, जिसकी निविदा कराई जाएगी। इसके आलावा बीआईटी कालेज के पास रिक्त भूमि पर शहर की सौंदर्यीकरण और निगम स्वामित्व के व्यवसायिक परिसर भूतल पर निर्मित दुकान आबंटन किया जाएगा। वहीं व्यवसायिक परिसर, सदरनाका व्यवसायिक परिसर (ग्रीन चौक) सुभाष स्कूल व्यवसायिक परिसर, महात्मागांधी व्यवसायिक परिसर अग्रसेन चौक, इंदिरा मार्केट व्यवसायिक परिसर, गंजपारा व्यवसायिक परिसर, बस स्टैण्ड व्यवसायिक परिसर, केलाबाड़ी व्यवसायिक परिसर में वर्तमान कलेक्टर गाईड लाईन अनुसार भूतल पर निर्मित परिसर के 50 प्रतिशत दर पर छत आबंटन हेतु नियम शर्तों के अधीन लीज पर दिये जाने हेतु स्वीकृति एवं ऑफर दर प्राप्त करने की कार्यवाही हेतु विभाग द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया हैं। वहीं गंजमण्डी की छत को अस्थायी किराये पर दिये जाने हेतु विभाग द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत एवं हटरी बाजार चावल लाइन आबंटन 20 पक्का दुकान उक्त स्थल पर 20 व्यवसायियों को दुकान आबंटन है। समस्त दुकानों का 15 प्रतिशत प्रति तीन वर्षों में किराया वृद्धि का लीज नवीनीकरण किये जाने हेतु प्रस्ताव को चर्चा पर चर्चा किया गया। वहीं विभिन्न तीन फ्लाई ओवर, वाई शेप ब्रिज धमधा नाका ब्रिज एवं पुलगांव नाला ब्रिज में केबल बदलने एवं पोल का संधारण कार्य हेतु प्राक्कलन इलेक्ट्रिकल्स एसओआर दर 1 जून 2020 के अनुसार कुल व्यय रूपये 60,72,023 /- मात्र का व्यय आवेगा।

- महापौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक

# जरुरतमंदों को बांटी गई आवश्यक सामग्री



**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू की पावन प्रेरणा से दीपावली के निमित्त संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी में जरूरतमंद 500 परिवारों को जीवन उपयोगी आवश्यक सामग्री जैसे ग्राम कपड़े, साड़ी, पेंट शर्ट, बर्तन, दिया, तेल, मिठाई, जूते चप्पल, बाल्टी, नूतन वर्ष 2025 की कलेंडर बांटी गई। कार्यक्रम में उड़ीसा के महाराज ओमकारा नन्द के सानिध्य में हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान ने हमें एक दिन और रात मिलाकर 24 घंटे दिए है हम सुबह से शाम रात तक परिवार और दोस्तों के बीच में रहते है इस 24 घंटे में कम से कम 1 घंटे भगवान नाम कीर्तन या जप में करें। करोना काल की घटना से सभी को एक सीख मिली है कि मृत्यु कभी भी आ सकती है जिन्हें स्वस्थ रहना है सुबह जल्दी उठे और शुद्ध हवा का सेवन करे आसान, प्राणायाम, व्यायाम जरूर करें और सच्ची कमाई भी करें जो साथ जाए। संत श्री से दीक्षा ले कर आज भी करोड़ों लोग मास, मंदिरा, गलत कार्य को छोड़कर सुबह का नियम आसान प्रयाण, जप पाठ कर अपने जीवन की सच्ची कमाई करते हैं। अंत में आरती महाप्रसादी के साथ समापन हुआ।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### विधायक निधि से बनेगा कलामंच सहकक्ष

**पाटन।** भंसूली (के)में बाल समाज रामलीला मंडली के निवेदन से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधायक मद से कलामंच सहकक्ष 5.49लाख की स्वीकृति दी। जिसका भूमिपूजन पूर्व मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, दिनेश साहू सभापति जप, महेंद्र वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, दिनेश साहू महामंत्री, डॉ. केके साहू सेक्टर प्रभारी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर किए। सभी अतिथियों एवं मंडली के पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार प्रकट किए। इस अवसर पर तुलसी डहरिया सरपंच, कमलेश साहू उपसरपंच, गैंदलाल डहरिया पूर्व जप, नीलमणि साहू, रामचरण साहू, महेश साहू, डॉ. हेमंत साहू, कल्याण साहू, यशवंत साहू, देवेंद्र मंडल, भुवन यादव, सचिव दीनबंधु यदु, ओंकार देवांगन, उधो साहू पंचगण, बाल समाज मंडली के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बच्चों को कराया न्योता भोजन

**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक, हायर सेकेण्डरी स्कूल विनायकपुर में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोजन का आयोजन यशवंत साहू अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों को न्योता भोजन कराया गया। जिसमें केला और संतरा वितरित किया गया।इस कार्यक्रम में बधाई देने संकुल प्राचार्य मनजीत सिंह राजपूत, संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक संध्या शिवरामवर, पीएम के प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोतीलाल मारकण्डे आदि उपस्थित थे।

## निधन

### बोधन सिंह बंभोले



**उतई।** उतई के वार्ड 3 मिलपारा निवासी बोधन सिंह बंभोले उम्र 65 वर्ष का आकस्मिक निधन 21 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे मालती बाई के पति व भावेश कुमार बंभोले के दादा थे।

### कुंदन यादव



**भिलाई।** ग्राम कचान्दुर निवासी कुंदन यादव उम्र 37 वर्ष का आकस्मिक निधन 20 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में 21 अक्टूबर सोमवार को किया गया। वे जनक यादव के पुत्र और कुमलेश्वरी यादव के पति थे।

### डॉक्टरों के बारे में पूछे जाने पर मरीजों से किया जाता है दुर्व्यवहार

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटन में डॉक्टरों की लापरवाही से लोगों को हो रही परेशानी

भूषण देशलहरे ▶▶| पाटन

**डॉक्टरों का नाम के नंबर बोर्ड रहता है खाली, समय पर नहीं पहुंचते डॉक्टर**

पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक बार फिर लापरवाही सामने आई है। पाटन नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शासन के द्वारा बनाया है, लेकिन इसका कोई फायदा दिखाई नही दे रही है क्योंकि यहां डॉक्टर उपस्थित नही रहते। आपको बता दें कि रविवार रात्रि करीबन 7 से 8 बजे के बीच में कोई भी डॉक्टर दिखाई नहीं दिए। वहीं डॉक्टर सामुदायिक केंद्र में ड्यूटी करने की बजाय अपने घरों में ड्यूटी करते हैं।

पाटन समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगे डॉक्टरों का नाम के नंबर बोर्ड खाली रहता है, किसी को नही पता रहता है कि किस तारीख को कौन से डॉक्टर उपस्थित रहेंगे। क्या पाटन समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ बी कठौतिया को थोडी भी जानकारी नही रहता कि हास्पिटल में लगा बोर्ड का तारीख गायब रहता है वहीं डॉक्टर समय में भी नहीं पहुंचते।

मिली जानकारी के अनुसार एक गॉव से एक गरीब फैमिली के मरीज अपने छोटे से बच्चे का ईलाज कराने के लिए आया, लेकिन हॉस्पिटल में कोई भी डॉक्टर नही थे। हॉस्पिटल में अन्य कुछ लोग ईलाज कराने गए हुवे व्यक्ति उनकी मदद लकरता रहा लेकिन एक भी डॉक्टर नही दिखाई दिया। क्या ऐसे गंभीर समस्य का कोई जिम्मेदार अधिकारी नही देख रहे। आखिर बेचारे गरीब पीड़ित का क्या हाल हुआ होगा क्या बीएमओ को ऐसे गंभीर समस्या दिखाई क्यो नही दे रही है।

पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों का हौसला बुलन्द है क्योकि शासन सत्ता का नही है किसी प्रकार की डर उच्च अधिकारियों से चुप्पी साधे हुए हैं। आपको बता दे कि हरिभूमि के पत्रकार हास्पिटल में किसी डॉक्टर के पता पूछने पर एक नर्स के द्वारा नही बताई जाती है और सवाल जवाब किया जाता है, क्या ये सही हैं।

किसी मरीज या अन्य व्यक्ति ने डॉक्टर के बारे में हॉस्पिटल के स्टाफ के द्वारा पूछने पर उनसे बहस करने में लग जाते हैं उस व्यक्ति से बहस बाजी किया जाता है इस तरह से गंभीर दुर्व्यवहार सामने क्यो आता है। पाटन बीएमओ बी कठौतिया को जानकारी क्यो नही होती क्या वे रोजाना फील्ड में रहते है। उनके खुद का मुख्यालय में आ रही है ऐसे गंभीर समस्या लेकिन कोई समाधान नही हो रहा है।

### डॉक्टर व अन्य कर्मचारियों को निर्देशित करे

पूर्व मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही एक अच्छी पहल नही मानी जाती लेकिन सामने में देश भर में दीपावली मनाया जाएगा और सामने बड़ी त्योहार के रूप में मनाया जाता है। इस समय सड़कों में भीड़ भाड़ की स्थिति बनी रहती रहती है और रोजाना हो रहे है सड़क दुर्घटना ऐसे स्थिति में अचानक बड़ी दुर्घटना हो सकती है और मरीज पाटन समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाते हैं। ऐसी स्थिति में पाटन बीएमओ बी कठौतिया को जानकारी होना चाहिए वे अपने डॉक्टर और अन्य कर्मचारियों को निर्देशित किया जाना चाहिए ताकि इस प्रकार की गंभीर समस्या से छुटकारा मिल सके।




### लोगों के लिए होती जा रही गंभीर समस्या

शासन के द्वारा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोला जाता है और लाखों रूपए खर्च करते हैं ताकि आम जनता को सुविधाएं मिल सके। लेकिन यहां डाक्टरो की अनुपस्थिति के कारण पीड़ितों को सही समय में और रात्रि के समय में पीड़ित परिवारों को सुविधा नही मिलती। वहीं लोगों के लिए गंभीर समस्या उत्पनन्न होती जा रही है। ऐसी समस्याओं का सही समय में उच्चाधिकारियों और शासन के द्वारा उचित कार्यवाही नही किया गया तो यह समस्या आम जनता को और आगे झेलना पड़ेगा लेकिन इस गंभीर समस्या को हरिभूमि प्रतिदिन प्रकाशित करेगा अब देखा जाना है कि ये गंभीर समस्या का कब तक सुधरती है या फिर आगे भी खुला छूट मिलेगा।

### कार्रवाई करता हूं

“कार्रवाई करता हूं अगर ऐसी कोई बता होगा तो अगर डाक्टर समय में नही आता है तो उसके ऊपर में तत्काल एक्शन लूंगा।

**डॉ. बी कठौतिया**
बीएमओ पाटन

### लोगों का बार-बार शिकायत आ रही

“पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बारे में मुझे बार-बार शिकायत आ रही है। ये गंभीर मामला है। अगर समय पर डाक्टर नही रहेगी तो मरीजों का क्या होगा तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए।

**होरी लाला देवांगन**
भाजपा नगर अध्यक्ष

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने मनाया विजयादशमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पाटन एवं जामगांव आर खंड के तत्वाधान में विजयादशमी उत्सव का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर पाटन में हुआ। विजयादशमी बौद्धिक प्रमुख वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक पूर्व प्रचारक रूपनारायण सिन्हा थे। अध्यक्षता जामगांव आर परिक्षेत्रीय साहू समाज पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने किया। विजयादशमी उत्सव में मुख्य वक्ता पूर्व प्रचारक रूपनारायण सिन्हा, पाटन विकास खंड संघ चालक संजय शर्मा, सह संघ चालक लीलाधर वर्मा, खंड कार्यवाह छगेंद्र चक्रधारी, दुर्ग विभाग सामाजिक सदभाव प्रमुख चेलाराम साहू, जिला समग्र ग्राम विकास प्रमुख हलधर महमल्ला, विद्या भारती, जिला समन्वयक शत्रुहन देवांगन, राजेंद्र साहू, सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू , व्यवस्थापक आसकरण जैन, पंडवानी कलाकार चेतन देवांगन, रामावतार साहू सहित आदि उपस्थित थे। उत्सव में बटरेल, गातापार, बेलहारी, औरी, जामगांव आर, किकीरमेटा, आगेसरा, पाटन, बोरिद, बरबसपुर, खर्रा, तेलीगुंडरा, पाहंदा, धौराभाठा, चीचा, तर्रा, मगरघटा आदि स्थानों से सैकड़ों स्वयंसेवक उत्सव में शामिल हुए। आभार शत्रुहन देवांगन, होरी लाल देवांगन, दीपक सवर्णी ने किया।

■ सरस्वती शिशु मंदिर पाटन में विजयदशमी उत्सव

मुख्य वक्ता पूर्व प्रचारक प्रदेश समन्वयक रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि संघ का उद्देश्य हिन्दू समाज को बलशाली बन सके, भारत माता की ओर कोई आंख उठा कर देखने की हिम्मत ना करे । देश के लिए जीना सिखाती है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ।देश भक्ति से ओत प्रोत होकर कर्तव्य की सकुशल निर्वहन करना सिखाती है संघ की शाखा। अनुशासन प्रियता संघ सिखाती है हजारों स्वयंसेवकों के संचालन देखकर अनुशासन का खुला प्रमाण देख सकते है। 17 लोगो से 1925 में प्रारंभ संघ आज वट वृक्ष के समान बन गया। संघ सबका भला चाहती है। यह हिंदू दर्शन है। संघ विभिन्न संगठनों के माध्यम से देश की सेवा करती है। विश्व के 80 देशों में संघ का कार्य है।

## शहीद वीर जवान उमेश को दी श्रद्धांजलि



**भिलाई।** दुर्ग थाना उतई अंतर्गत ग्राम कोडिया निवासी भारतीय सेना के 19 महार रेजीमेंट के वीर जवान हवलदार उमेश कुमार साहू लेह लद्दाख के बर्फीली पहाड़ी क्षेत्र पर मां भारती की रक्षा करते हुए 19 अक्टूबर की देर शाम शहीद हो गए जिनका पार्थिव शरीर सोमवार को सुबह 8.30 बजे घर लाया गया। दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शहीद वीर जवान उमेश साहू के निवास स्थान पहुंचकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले जवानों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया और परिवारजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त किया और शहीद सैनिक को कंधा दिया और अंतिम यात्रा में सम्मिलित हुआ। जवान की अंतिम यात्रा में दुर्ग जिला समेत प्रदेश से भी कई लोग पहुंचे। जहां शव के घर लाने के दौरान लोगों ने जमकर नारे लगाए। जवान के अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी भीड़ ने पुष्प वर्षा की और लोगों ने उमेश साहू अमर रहे के नारे लगाए। वहीं पूरे सैनिक सम्मान के साथ आज अंतिम संस्कार किया गया। साथ ही एक पेड़ शहीद के नाम से पौधारोपण किया गया।

## पाश्चात्य संस्कृति से निकलकर हमें सनातनी परंपराओं का पालन करना चाहिएः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

गायत्री मन्दिर परिसर के मंच पर आसपास के ग्राम से आए 14 रामायण मंडलियों ने राम चरित मानस का सस्वर पाठ कर नगरवासियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामाधार शर्मा थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद की पत्नी रजनी बघेल थीं। कार्यक्रम के आयोजक रामाधार शर्मा ने उपस्थित नगरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मेरा जन्मदिन है और इस अवसर को मैं इसी तरह मनाने पर विश्वास रखता हूं। हमे सनातनी परंपराओं को नहीं भूलना चाहिए। सभी को अपने जन्मदिन पर इसी तरह धार्मिक आयोजन करना चाहिए जिस तरह पाश्चात्य संस्कृति में दीप बुझाए जाते हैं, लेकिन हमें आस्था और विश्वास रूपी दीप जलाना चाहिए। रजनी बघेल ने उपहार स्वरूप पौधा देकर पर्यावरण का संदेश दिया। मंचस्थ सभी मंडलियों को 3100 रुपए की राशि प्रदान की गई। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में राम कुमार सोनी, अवधेश शुक्ला, मनोज वर्मा एवं मिथिलेश यादव सहित बड़ी संख्या में नगर के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार सोनी एवं आभार रामाधार शर्मा ने ज्ञापित किया।



■ चौदह रामायण मंडलियों ने दी सस्वर रामायण की प्रस्तुति

# स्काई इंटरनेशनल स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा सीबीएससी से संबंधित स्काई इंटरनेशनल स्कूल धमधा में स्कूल द्वारा शासकीय स्वास्थ्य केंद्र खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग धमधा के सहयोग से स्कूल परिसर में विशाल एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 400 छात्र- छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ. प्रफुल्ल कुमार धीवर, डॉ. अनुभूति प्रसाद, डॉ. लक्ष्मी साहू, सुनीता धीवर चिकित्सा अधिकारियों ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं उनकी स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का निराकरण किया। वहीं समस्याओं से निजाद पाने के लिए सुझाव देते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। इस आयोजन में खण्ड स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी ईशा सोनकर, नेहा बंजारे, प्रिया राजपूत, रूखमणी नेताम, मुकेश निर्मलकर, संतोष कुमार कुंजाम, चुम्मन लाल साहू, मुकेश वर्मा, संतोष कुमार चंद्राकर, मुकेश पाठक ने आयोजन में सहयोग करते हुए विद्यार्थियों का सभी आवश्यक परीक्षण करते हुए दवाइयों का वितरण किया। इस अवसर पर समस्त मेडिकल स्टॉफ को स्काई स्कूल के चेयरमेन संकेत जैन, संरक्षक सुनीता जैन एवं प्राचार्य डॉ. माया भट्टाचार्य ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं सहयोग के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जावेद खान ने किया तथा इन्द्रजीत सिन्हा, रमेश सोनकर, विवेक वर्मा, बालू सोनी, प्रियंका रश्मि, नमिता मशीह साहित समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा। आगामी दिनों में बाकी के बचे 350 बच्चों का परीक्षण उच्च स्तरीय चिकित्सकों के द्वारा किया जाएगा।

■ समस्याओं का निराकरण के लिए बच्चों को दी जानकारी




## अंचल की खबरें

## आजाद हिंद सेना दिवस पर हार्वेस्टिंग मशीन की डिलीवरी




**भिलाई।** यूं तो प्रत्येक दिवस अपने आप में महत्वपूर्ण होता है लेकिन आज जो हम स्वतंत्र भारत में आजाद भ्रमण कर मानसिक शारीरिक एवं आर्थिक आजादी के आनंद में लुप्त हैं। उसका पूरा श्रेय नेताजी सुभाष चंद्र बोस को जाता है ‘तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा’ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ जनमानस में जागरूकता लाकर ऊर्जा का संचार करने के लिए नेताजी द्वारा दिए गए नारे के परिणाम स्वरुप ही आज हम खुले आसमान में भ्रमण कर रहे हैं। ऐसे शुभ दिवस पर ऋण प्रदाता भारतीय स्टेट बैंक के कृषि एवं वाणिज्य विभाग के क्षेत्राधिकारी पुष्पा साहू के द्वारा हार्वेस्टिंग मशीन की चाबी ग्रहण कर चिखली दुर्ग के कृषक अपने आप में गौरवान्वित महसूस किये। भारत देश में फसलों की अत्याधुनिक यंत्रों द्वारा कटाई के लिए अनेकों औद्योगिकी कार्यरत है, लेकिन जो विश्वास केएस ग्रुप आफ कंपनीज ने बनाया है उसका तोड़ नहीं है क्योंकि ‘बिक्री से ज्यादा बिक्री पश्चात सेवा’ के तर्ज पर कार्य करने वाली यह पहली विश्वसनीय कंपनी है। डीलरशिप से निकलकर गंतव्य की ओर जाती हुई मशीनरी को देखने का पल अत्यंत ही सुखद एवं नैनों में ठंडकता प्रदान करता है ऐसी बहुफसली हारवेस्टिंग मशीन की खरीदारी कर अपने पुत्र के जीविकोपार्जन के लिए सराहनीय कदम उठाने वाले कृषक टेकुराम साहू दुर्ग जिले के चिखली ग्राम में निवास करते हैं। खरीदारी करने के लिए टेकुराम के साथ उनके दोनों पुत्र लिकेंद्र, भास्कर एवं मिथिलेश पारकर, लकेश्वर प्रसाद, सोमनाथ पारकर, दीपक पारकर, पुरुषोत्तम साहू, हितेश राजपूत, दीपक राजपूत, तामेश्वर पारकर इत्यादि ग्रामीण गणों ने उपस्थित होकर अपनी खुशी जाहिर की। इस अवसर पर कमला मोटर्स के सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, पुजारी खेमचंद गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता किशोर निषाद, आगंतुक नंदिता सामंत, बरमेचा एलीवेटर के निरीक्षक अजय चौधरी, केएस एग्रीकल्चर के फोरमैन दिलशाद खान, सहायक फोरमैन समीर खान प्रमुख रूप से अपनी भागीदारी निभाई।

## धोबी समाज के चुनाव में 62 मतों से विजयी हुए बिष्णु



**भिलाई।** 20 अक्टूबर को लोकतांत्रिक पद्धति से सम्पन्न हुआ दुर्ग जिला झेंरिया धोबी समाज जिला अध्यक्ष का चुनाव पोटियाकला डीपरा पारा परिक्षेत्र के कबीर सत्संग भवन दुर्ग में सम्पन्न हुआ। जहाँ 2 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान 11 बजे से 3 बजे तक हुआ। कुलमतों की संख्या 126 थी जिसमें 120 मत पड़े जहाँ दो मत रिजेक्ट हुए। बिष्णु निर्मलकर को 90 मत पड़े वही डायमंड निर्मलकर को भी 28 मत। इस प्रकार 62मतों से बिष्णु निर्मलकर विजयी हुए। जहाँ तीनो राज़ के मतदाता दुर्ग, पाटन, धमधा राज के मतदाताओं ने शांतिपूर्ण तरीक़ा से मतदान किया। जिसमे 19 मत महिला, 11 युवा एवं 90 पुरुषों ने मतदान में भाग लिया। जहां समजा के प्रदेश धोबी समाज के अध्यक्ष मनोज निर्मलकर उपस्थित रहे। साथ ही ये तीनों राज के अधिक संख्या में उपस्थित हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी खिलावन निर्मलकर ने चुनाव की विजय घोषणा की। कार्यक्रम में पोसू राम निर्मलकर, बुधारू निर्मलकर, राजेंद्र रजक, डॉ. प्रेमलाल निर्मलकर, डॉ मदन रजक आदि ने जल्द निर्माण की अर्ज़ी दी है। वहीं अशोक निर्मलकर, शिवकुमार निर्मलकर, दौलत निर्मलकर, गोपी निर्मलकर सहित आदि उपस्थित थे।






## खबर संक्षेप

### प्राणघातक हमला करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**धमधा।** प्राणघातक हमला करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 19, 3 (5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना परगोरपा निवासी सुधीर पटेल, जय प्रकाश उर्फ खिलेश एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। ग्राम अकोली निवासी रोशन वर्मा अपने साथियों के साथ शराब दुकान के पास शराब पी रहे थे। इस दौरान सुधीर और जय प्रकाश अपचारी बालक मिलकर चाकू से ओमकार के सिर पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। छुड़ाने पहुचे पीड़ित पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया था। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया है।

### ओयो होटल में दबिश संदिग्ध हालत में युवक युवतियां पकड़े गए

**धमधा।** ओयो होचल में पुलिस ने दबिश देकर 6 जोडो युवक युवतियों को पकड़ा है। जिन्हे समझाइश देकर छोड़ दिया गया है। घटना धमधा पुलिस थाना क्षेत्र का है। ओयो होटल मैनेजर सरायपाली निवासी गजेंद्र सतपथी को पकड़कर उसके खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई किया है। धमधा नगर में लंबे समय से ओयो हटलों में अवैध कार्य चल रहा है। नगर पंचायत धमधा के नाक के नीचे इस अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। पुलिस दबिश में कोड़िया, छीराही, गंडई, किरकी,हथमुडी भिलाई के युवक युवतियां मिले है। इसे लेकर प्रभारी पीडी चंद्रा ने बताया कि पकड़े गए युवत युवतियों को समझाईश देकर छोड़ा गया है।

### एफएसएनएल में चित्रकला स्पर्धा, विजेता पुरस्कृत



**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम निगमन कार्यालय, भिलाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा'' के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर–4 में हुआ। महाप्रबंधक पंकज त्यागी व अध्यक्षता मुख्य अतिथि सहायक शिक्षिका केया चौधरी, और अध्यक्षता महाप्रबंधक पंकज त्यागी तथा सहायक शिक्षिका चंद्रिकाराण विशेष अतिथि थीं। श्री त्यागी ने कहा कि साफ–सफाई से हमें जीवन में आनेवाली परेशानियों से मुक्ति मिलती उन्होंने चित्रकलाप्रतियोगिता में प्रथम विजेता कल्पना, द्वितीय–मयंक, तृतीय आस्था को पुरस्कृत किया।

## निधन

### राजेश मिश्रा

**भिलाई।** प्लॉट नं 277, 278 , स्मृति नगर, भिलाई निवासी राजेश



मिश्रा का निधन 21 अक्टूबर को हृदयाघात के कारण हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 अक्टूबर को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्ति धाम के लिए निकलेगी। वे स्व. दिनेश मिश्रा के पुत्र, भाजपा नेत्री निहारिका मिश्रा के पति,भाजपा नेता अनिल मिश्रा के भाई एवं अविनाश मिश्रा एवं अभिषेक मिश्रा के पिता थे।

# शिप्रा के गीत वितान में दिखती थीं शांति निकेतन की झलक

## पूरा जीवन किया रवींद्र संगीत को समर्पित, कलाकारों ने योगदान को अपूर्णीय बताया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

कला यदि विरासत में मिले तो कलाकार अपनी प्रतिभा और लगन से अपने जाने के बाद भी नई पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा बन जाता है। वरिष्ठ कलाकार शिप्रा भौमिक रवींद्र संगीत की एक ऐसी ही समर्पित फनकार थीं। अपने निधन के बाद छत्तीसगढ़ में संगीत के क्षेत्र में बतौर गीत वितान रविंद्र संगीत की एक विरासत छोड़ गई हैं।

1 जनवरी 1993 को रुआबांधा सेक्टर भिलाई में गीत वितान कलाकेंद्र की स्थापना कर गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर के शांति निकेतन की झलक दिखाने वाली शिप्रा भौमिक ने अपना पूरा जीवन संगीत को समर्पित कर दिया। रवींद्र संगीत की अपनी 55 बरस की कला यात्रा में उन्होंने महज 5 साल की नन्हीं उम्र में अपने भाई शांति भौमिक से संगीत की शिक्षा लेना शुरू कर दिया था। सात साल की उम्र में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के घर सुभाषग्राम कोलकाता में प्रस्तुति दी, जहां प्रसिद्ध साहित्कार हुमायूं कवि भी थे। उनके कार्यक्रम की पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री प्रफुल्ल चंद्र सेन ने भी सराहना की थी। स्व. शिप्रा ने टैगोर संगीत उस्ताद संतोष सेनगुप्ता, कनिका बंधोपाध्याय, हीना सेन और अमल नाग के मार्गदर्शन में कोलकाता से दक्षिणी (प्रीमियर रवींद्र संगीत संस्थान) से रवींद्र संगीत की शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने शांति निकेतन से रवीन्द्र संगीत और गंधर्व महाविद्यालय (मुंबई) से संगीत विशारद के रूप में वोकल क्लासिकल का कोर्स किया। उनके निधन से न सिर्फ गीत वितान बिरादरी बल्कि अंचल में कला जगत की अपूर्णीय क्षति हुई है।



### मिले कई पुरस्कार व सम्मान

रवींद्र संगीत कलाकार शिप्रा भौमिक को कई सम्मान मिले। सुरनंदन भारती (कोलकाता) से रवीन्द्र संगीत के लिए नंदनश्री पुरस्कार, पश्चिम बंगाल, राष्ट्रीय रवीन्द्र संगीत रत्न पुरस्कार ओडिशा से राष्ट्रीय संगीत भूषण पुरस्कार, (छत्तीसगढ़) अक्षर आदित्य सनमान, नवरंग कला एवं संस्कृति केंद्र, कोलकाता से राष्ट्रीय कला शास्त्री पुरस्कार, अंतर्राष्ट्रीय नृत्य एवं संगीत महोत्सव ढाका, बांग्लादेश, (ईजेडसीसी), कोलकाता, संस्कृति मंत्रालय, सरकार के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव से संगीत आचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## सबसे बड़ी मांग 39 माह के एरियर्स भुगतान पर टल सकता है आंदोलन

# सेलव्यापी हड़ताल को लेकर कर्मचारी यूनियन और उच्च प्रबंधन हैं अडिग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल ( स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) में हड़ताल को लेकर एनजेसीएस यूनियनें और प्रबंधन आमने-सामने की स्थिति हैं। हड़ताल की नौबत और नुकसान को देखते हुए अब तक इसे टालने की पहल होती नहीं दिख रही है। इस बीच कर्मचारियों की सबसे बड़ी मांग करोड़ों के एरियर्स के मुद्दे पर यदि उच्च प्रबंधन पहल करता है तो हड़ताल के मामले में यूनियनें भी थोड़ा पिघल सकती हैं। इस्पात मंत्रालय की दखल से सेल प्रबंधन चाहे तो इस एम मुद्दे पर बीच का कोई सर्वमान्य रास्ता निकालकर देश की सबसे बड़ी इस्पात कंपनी के पैंतालीस हजार कर्मचारियों को सबसे बड़े पर्व दिवाली पर मेगा गिफ्ट दे सकता है। यदि ऐसा होता है तो बतौर 2 हजार करोड़ के एरियर्स भुगतान होने पर सेल में हड़ताल से होने वाला अरबों का नुकसान होने से बच जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 2021 में एनजेसीएस बैठक में हुआ सेल वेतन समझौता अब तक विवादित है। सर्वसम्मति की परिपाटी से हटकर पहली बार प्रबंधन द्वारा 5 एनजेसीएस यूनियन सदस्यों में से 3 की सहमति लेकर यानी बहुमत के आधार पर एमओयू कराने से उत्पन्न विसंगतियों का पांचों यूनियनें विरोध कर अपूर्ण वेतन समझौता को पूर्ण करने की लगातार मांग कर रही हैं। यूनियनें 39 महीने के एरियर्स सहित एचआरए, एलटीसी के 8 माह का एरियर्स व एचए पर्क्स भुगतान, ग्रेज्युटी पर सीलिंग को खत्म करने, बोनस फार्मूला का परिवर्तित करने और ठेका मजदूरों को एस-1 ग्रेड के बराबर सेलरी व बोनस देकर वेतन समझौता करने की मांग कर रही है। इसके लिए एनजेसीएस यूनियनों द्वारा कई बार सेल चेयरमेन व इस्पात मंत्री को ज्ञापन व बीएसपी सहित सेल में प्रदर्शन करने के बाद चरणबद्ध आंदोलन के तहत 28 अक्टूबर को पूरे सेल में हड़ताल का ऐलान किया गया है। मांगों में सबसे बड़ा मुद्दा 39 महीने का एरियर्स भुगतान है। लेकिन अब जब सेलव्यापी हड़ताल के लिए मात्र हफ्तेभर का वक्त बचा है तो इसे टालने के लिए लोकल व उच्च प्रबंधन की ओर से कोई पहल होती नहीं दिख रही है। केंद्रीय या संयुक्त यूनियन भी अपनी मांगों पर अडिग है। इस स्थिति में हड़ताल जैसी अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर उत्पादन ठप होने से बीएसपी सहित सेल और देश को अरबों का नुकसान होगा, वर्कर्स को भी परोक्ष रुप से क्षति हो सकती है। इस बीच केंद्रीय यूनियनों से सूत्रों के मुताबिक मांगों में सबसे बड़े मुद्दे 39 महीने के एरियर्स भुगतान के मामले में यदि सेल प्रबंधन कुछ सकारात्मक पहल करता है तो हड़ताल का आह्वान करने वाली एनजेसीएस यूनियनें भी सेल हित में हड़ताल जैसा कदम को पीछे लेने में विचार कर सकती हैं। इस मामले में पिछले माह भिलाई आए इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी को मंत्रालय स्तर पर हस्तक्षेप करने की भी उम्मीद की जा रही है। सूत्र यह भी बताते हैं कि इस बीच हड़ताल टालने के लिए प्रबंधन शुरुआती तौर पर एचआरए भुगतान पर चर्चा करने एनजेसीएस सब कमेटी की बैठक बुलाने जैसा कदम उठाने पर विचार भी कर रहा है। लेकिन यूनियनें सभी मुद्दों पर चर्चा करने फुल एनजेसीएस बैठक बुलाने पर अड़ी हुई हैं। फिलहाल दोनों ओर से हड़ताल टालने कोई पहल नहीं होने से बीएसपी में तूफान के पहले की शांति कम उथल पुथल प्रतीत हो रही है।

### हड़ताल की तैयारी के बीच यूनियनों को प्रबंधन से सकारात्मक पहल की उम्मीद

#### करोड़ों का एरियर्स भुगतान है पेचीदा

जानकारों के मुताबिक एरियर्स भुगतान पालिसी मेटर होने के कारण बेहद पेंचीदा है। एक सवाल2021 के पे रिवीजन बैठक में यूनियनों के 39 माह के एरियर्स भुगतान पर पहले तो प्रबंधन ने खारिज कर दिया था। फिर दबाव में सशर्त 5 किश्तों में भुगतान करने फिर हर साल 2 हजार करोड़ का प्राफिट देने पर ही एरियर्स भुगतान की शर्त जड़ दी थी, जिसे यूनियनों ने ठुकरा दिया था। यूनियनों के मुताबिक प्रबंधन ने 2017 की पीएसयू के लिए बनी गाइड लाइन का हवाला देते हुए कहा था कि जो उपक्रम तीन साल तक घाटे में है, वहां वर्कर्स को पे रिवीजन समझौता नहीं होगा यानी एरियर्स नहीं मिलेगा। उत्पादन प्राफिट होने पर ही लाभ मिलेगा। सेल घाटे में था। वहीं यूनियन का कहना है कि घाटे का आधार कोई तर्क नहीं है। स्टील में लाभ व घाट एक सायकल चक्र है। बैजाक में तो पे रिवीजन 3 साल से लागू ही नहीं हुआ है। फिर प्रबंधन घाटा की भरपाई आंतरिक संसाधनों व बैंक लोन से करता है। इसके बाद प्रबंधन ने शर्त को हटाकर सब कमेटी बनाने का आश्वासन दिया था लेकिन अब तक नतीजा शिफर है।



#### परंपरा,वर्कर्स को लाभ, कंपनी को चिंता

एरियर्स को लेकर बोनस की तरह सेल की सभी पीएसयू के लिए बनी गाइड से पर एरियर्स भुगतान करने से जहां सेल प्रबंधन को यह आगे परंपरा बन जाने की चिंता है वहीं वर्कर्स को लाखों का लाभ होने की खुशी से जुड़ा मसला है। एक सवाल बतौर एरियर्स भुगतान कंपनी पर करोड़ों के आर्थिक भार का भी है। भुगतान होने पर सेल के 45 हजार कर्मचारियों को कुल एरियर्स 3 हजार करोड़ का बंटेगा। प्रति कर्मचारी 2 से 5 लाख एरियर्स मिलेगा। सबसे ज्यादा एरियर्स भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों को मिलना है। लिहाजा सर्वाधिक सक्रियता भी यहां इंटक,सीटू, बीएमएस, एचएमएस व एटक यानी संयुक्त यूनियन व अधिकतर लोकल यूनियनों की है और दबाव भी प्रबंधन पर है। प्रदर्शन व धरने के बाद अब 28 की हड़ताल के लिए वर्कर्स को लामबंद कर रहीं एकजुट यूनियनों को कहीं न कहीं उम्मीद है कि उच्च प्रबंधन जल्द सकारात्मक पहल करेगा। ऐसा नहीं करने पर फिर ऐतिहासिक हड़ताल का विकल्प खुला हुआ है।

#### घाटे की गाइड लाइन निराधार

"सेल प्रबंधन को कर्मचारी हित में जल्द 39 माह के एरियर्स सहित सभी मुद्दों को हल करना चाहिए। यह कर्मियों को हक है। प्रबंधन द्वारा पे रिवीजन बैठक में एरियर्स के लिए पीएसयू की गाइड लाइन का हवाला देना अनुचित है। क्योंकि स्टील उपक्रम में घाटा व लाभ एक चक्र है। आखिर प्रबंधन अपने घाटे को बैंक लोन या आंतरिक संसाधनों से ही तो पूरा करता है। घाटा बताकर एरियर्स नहीं देने का कोई तुक नहीं है।

**एसपी डे,** सीटू उपाध्यक्ष

#### एरियर्स पर सकारात्मक पहल की उम्मीद

"2021 में हुई पे रिवीजन एनजेसीएस बैठक में प्रबंधन द्वारा 39 महीने का एरियर्स भुगतान करने सब कमेटी बनाकर चर्चा करने का आश्वासन दिया था। लेकिन नाइट शिफ्ट एलाउंस ही मुश्किल से मिला पर अब तक एरियर्स भुगतान नहीं होने से कर्मियों में असंतोष है। हमारी मांगों में सबसे बड़ा मुद्दा एरियर्स ही है। प्रबंधन से हड़ताल पूर्व सकारात्मक पहल की उम्मीद है। इस बीच हड़ताल की तैयारी चल रही है। मामले में कोई भी निर्णय दिल्ली में केंद्रीय यूनियनें ही लेंगी। मांग फुल एनजेसीएस बुलाने की है।

**वीबी सिंह,** इंटक महासचिव

# बीएसपी और उद्योग परस्पर हों आत्मनिर्भर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा भिलाई निवास में एक दिवसीय वेंडर्स मीट कार्यक्रम का आयोजन हुआ । इसमे 50 से अधिक प्रमुख स्थानीय उद्योगपतियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती और संयुक्त निदेशक (एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय) राजीव एस नायर विशिष्ट अतिथि थे। सीजीएम पीके सरकार, बीके बेहरा, टीके कृष्ण कुमार, के.सी. मिश्रा, एके मिश्रा तथा महाप्रबंधक एसीवीओ सत्यब्रत सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

■ सामग्री प्रबंधन विभाग की वेंडर्स मीट

श्री चक्रवर्ती ने बीएसपी तथा स्थानीय उद्योगों की परस्पर निर्भरता पर जोर दिया। उन्होंने विक्रेताओं को पारदर्शी और कुशल तरीके से पारस्परिक लाभ के उद्देश्य से परस्पर सहयोगी प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित अन्य जैसी उभरती हुई तकनीकों तथा उपकरणों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री नायर ने विभिन्न नए एमएसएमई विकासों बारकोडिंग, पैकेजिंग में सुधार तथा छोटे पैमाने के विक्रेताओं को उन्नत करने में मदद करने के लिए एमएसएमई विभाग द्वारा पेश किए गए विभिन्न कार्यक्रम और प्रशिक्षण अवसर आदि पर प्रकाश डाला। सत्यब्रत कर ने सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

#### आनलाइन बिलिंग की जानकारी

मीट में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी), पब्लिक इंट्रेस्ट डिस्क्लोजर एंड प्रोटेक्शन ऑफ इन्फोर्मर्स (पीआईडीपीआई) तथा रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली (एबीएमएस) की भूमिका पर जानकारी दी गई।महाप्रबंधक जेपीएस चौहान ने एक आगामी ऑनलाइन बिलिंग प्रणाली प्रस्तुत की। समापन में सीजीएम श्री मिश्रा ने विक्रेता की चिंताओं को दूर करने और पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के एमएम विभाग द्वारा शुरू किए गए विभिन्न प्रणाली सुधारों का विवरण दिया। डीजीएम यामिनी ताम्रकार ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# बीएसपी का ब्लास्ट फर्नेस 8 सेल में बना सबसे तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र का सबसे बड़ा ब्लास्ट फर्नेस-महामाया ब्लास्ट फर्नेस 8 ने समूचे सेल में सबसे तेजी से 16 मिलियन टन हॉट मेटल के संचयी उत्पादन को पार कर कीर्तिमान बनाया है। सेल में समान क्षमता वाले फर्नेस में सबसे तेज 15 एमटी से 16 एमटी का सफर पूरा कर लिया है।बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस 8 ने 15 मिलियन टन का मील का पत्थर 9 जून को पार किया था। ब्लास्ट फर्नेस 8 ने 15 मिलियन टन से 16 मिलियन टन तक का सफर 133 दिनों में पूरा किया है जबकि 15 मिलियन टन से 16 मिलियन टन तक की यह यात्रा राउरकेला इस्पात संयंत्र के समान क्षमता वाले ब्लास्ट फर्नेस द्वारा 151 दिनों में पूरी की गई । 15 मिलियन से 16 टन मिलियन टन की यात्रा को पूरा करने में इस्को इस्पात संयंत्र के समान क्षमता वाले ब्लास्ट फर्नेस को 153 दिन लगे। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार समेत संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने ब्लास्ट फर्नेस की टीम एवं समस्त सदस्यों व सहयोगी शॉप्स और विभागों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (लौह) श्री तापस दासगुप्ता ने सेल में सबसे तेज 16 मिलियन टन का मील का पत्थर पार करने के लिए ब्लास्ट फर्नेस 8 टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी तथा ओर हैंडलिंग प्लांट, सिंटरिंग प्लांट, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग, स्टील मेल्टिंग शॉप्स, रॉ मटेरियल विभाग, परिवहन एवं डीजल विभाग सहित सभी सहयोगी विभागों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस उपलब्धि पर बीएफ 8 नियंत्रण कक्ष में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (लौह) श्री तापस दासगुप्ता, वरिष्ठ अधिकारियों एवं बीएफ 8 टीम के सदस्यों की उपस्थिति में एक अनौपचारिक केक कटिंग समारोह का भी अयोजन किया गया।

■ 16 मिलियन टन हुआ उत्पादन

#### अत्याधुनिक है महामाया

बीएफ 8 बीएसपी आधुनिक ब्लास्ट फर्नेस है, जो उन्नत स्वचालन एवं नियंत्रण प्रणाली से लैश है। 2 फरवरी 2018 को प्रज्वलित होने के बाद से ब्लास्ट फर्नेस 8 के 16 मिलियन टन तक पहुंचने में कुल संचयी दिनों की संख्या 2452 दिन है, जबकि राउरकेला इस्पात संयंत्र के समान क्षमता वाले ब्लास्ट फर्नेस को इसके चालू होने के बाद से 16 मिलियन टन को पार करने में 2544 दिन लगे थे तथा इस्को इस्पात संयंत्र के समान क्षमता वाले ब्लास्ट फर्नेस को चालू होने के बाद से 16 मिलियन टन के कीर्तिमान को पार करने में 2856 दिन लगे थे।

# भारती विवि में राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट का आयोजन भारती विश्वविद्यालय, पुलगांव, दुर्ग में किया जा रहा है। दुर्ग जिले से 300 से अधिक जूनियर, यूथ रेडक्रॉस एवं काउंसलर ने मीट में भाग लिया। 18 से 22 अक्टूबर तक चलने वाली प्रतियोगिता में इस मीट में रेडक्रास का इतिहास, संगठन, गतिविधियां, प्राथमिक उपचार, यातायात नियम, एडस जागरूकता, आपदा प्रबंधन आदिकार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। शिविर स्थल में 20 से अधिक स्टालों का निर्माण किया गया है, जिनमें विभिन्न संस्थाओं और सरकारी विभागों द्वारा विभिन्न विषयों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है । बीएसपी की विभिन्न इकाइयों खदान, कोक ओवन, ब्लास्ट फर्नेस, सिंटर प्लांट्स, स्टील मेल्टिंग शॉप्स, यूनिवर्सल रेल मिल, प्लेट मिल, बार एंड रॉड मिल, मर्चेन्ट मिल तथ वायर रॉड मिल में प्रचालन प्रक्रियाओं को प्रदर्षित किया गया है। इस अवसर पर संभागआयुक्त



आईएएस श्री सत्य नारायण राठौर, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी (दुर्ग) आईएएस सुश्री ऋचा प्रकाश चैधरी, आईजी पुलिस, आईपीएस अधिकारी श्री राम गोपाल गर्ग, पुलिस अधीक्षक (दुर्ग), आईपीएस अधिकारी श्री जितेन्द्र शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ श्री अश्वनी देवांगन तथा स्काउट एंड गाइड्स के कमिश्नर सहित आसपास के जिलों के डिप्टी कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम आदिवरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। राष्ट्र निर्माण में बीएसपी के उत्पादों के योगदान तथा बीएसपी निर्मित विभिन्न गुणात्मक उत्पादों को भी प्रदर्शित किया गया है।

## व्यापारियों ने की नियमित सफाई व समस्याओं के निदान की मांग

# त्योहार पर चकाचक नहीं हुए टाउनशिप के मार्केट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दिवाली के त्योहार को देखते हुए टाउनशिप के मार्केट मेंटेनेंस मांग रहे हैं। बाजारों में व्याप्त समस्याओं के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यवसायियों ने जल्द समस्याओं के निदान की मांग बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग से की है। दीपावली का त्योहार निकट है। त्योहार के लिए टाउनशिप के बाजारों में व्यवसायियों ने अपनी दुकानों आदि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सजाना शुरु कर दिया है। लोगों ने भी त्योहार के लिए खरीदारी शुरु कर दी है। बीएसपी कर्मचारियों को बोनस भी मिल गया है। दो तीन दिनों में बाजारों में रौनक बढ़ जाएगी। 31 अक्टूबर को दिवाली और 29 को धन तेरस के दिन सभी बाजारों में पांव रखने की जगह नहीं होगी। इसके पूर्व दो तीन दिन में बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ जुटनी शुरु हो जाएगी। व्यवसायियों ने बताया कि त्योहार सर पर है लेकिन अधिकतर बाजारों में बुनियादी सुविधाएं बदहाल हैं। साफ,सफाई, सड़कों,स्ट्रीट लाइट, प्रसाधन, पार्किंग आदि की समस्याएं व्याप्त है। सबसे बड़े बाजार सेक्टर 6 ए मार्केट और जोनल मार्केट सेक्टर 10 सहित सभी सेक्टरों के बाजारों में व्याप्त नागरिक समस्याओं के कारण खरीदारी करने वालों के साथ व्यापारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सेक्टर 6 में बी, सी,ई मार्केट, सेक्टर 7 व 8 तथा सेक्टर 4 मार्केट, आजाद मार्केट रिसाली में ऐन त्योहार पर समस्याएं यथावत हैं। सेक्टर 6 ए मार्केट व जोनल मार्केट में सड़कों व परिसर का कांक्रीट जगह जगह से उखड़ जाने से गड्ठे हो गये हैं। प्रसाधन की समस्या होने से लोगों को असुविधा हो रही है। व्यवासियों ने बताया कि दीवाली के त्योहार तक सभी बाजार साफ सुधरे रखे जाने के लिए नियमिति दोनों वक्त सफाई कराना जरुरी है। सेक्टर 6 बी मार्केट के पीछे की सड़क सालों बाद भी डामरीकरण नही हुआ है। जोनल मार्केट में भी जर्जर सड़कों, जगह जगह कचरे आदि की समस्या है।




#### पार्किंग और सुरक्षा हो चौकस

सभी बाजारों में धन तेरस और दिवाली के एक दिन पूर्व भारी भीड़ उमड़ेगी। इसे देखते हुए पार्किंग को सुव्यवस्थित किए जाने के साथ सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की चौकसी की मांग की जा रही है। व्यवसायियों के मुताबिक सेक्टर 6 ए मार्केट और जोनल मार्केट में गाड़ियां पार्किंग पर ही खड़ी हों ट्रैफिक पुलिस को यह सुनिश्चित किए जाने की जरुरत है। हर साल खरीदारी के लिए आने वाले सड़क से लगाकर बेतरतीब कारें खड़ी करने से जाम और दुर्घटना की स्थिति बनती है। वहीं शहर में बढ़ते अपराधों को देखते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस की गश्ती व तैनाती भी जरूरी है, ताकि लूट या चोरी की घटनाएं न हों।

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

02



कन्या के विवाह में ट्रांसपोर्ट एसो. ने परिवार की आर्थिक मदद कर निभाया अपना दायित्व

## लाइव इवेंट

# छात्राएं हुई सम्मानित, लेखन और नृत्य में दिखाया हुनर



**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में प्रतिभाशाली छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सीबीएसई टॉप 1.5 प्रतिशत में केंद्रीय विद्यालय दुर्गा की दो छात्रों को प्रमाण पत्र एवं दस हजार की राशि से पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार कक्षा दसवीं की अवनी दीक्षित और अक्षरा आर्य को प्रमाण पत्र तथा राशि दी गई है। अनवी दीक्षित ने 96.2 और अक्षरा आर्य ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

### स्टूडेंट्स को श्रेष्ठ बनने के संकल्प के साथ प्रतिदिन आना चाहिए विद्यालय

इस अवसर पर प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि कड़ी मेहनत के बिना सफलता नहीं मिलती है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। मैं सभी छात्र-छात्राओं को विद्यार्थियों को कहना चाहता हूं कि लगातार आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए जो आपके व्यक्तित्व को निखारता है और स्वयं को अपडेट करने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि एकेडमिक में जब कोई छात्र अच्छा करता है तो उसके माता-पिता भी उसके साथ मेहनत करते हैं। विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों को भी इसका श्रेय जाता है। सभी विद्यार्थियों स्वयं को प्रतिदिन श्रेष्ठ बनाने के संकल्प के साथ विद्यालय आना चाहिए।



### इन छात्राओं को किया गया सम्मानित

पत्र लेखन प्रतियोगिता पोस्ट ऑफिस सर्कल में संस्कृति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृति को पोस्ट ऑफिस विभाग के द्वारा दस हजार की राशि पुरस्कार के रुप में दी गई है।इंटरनेशनल कंपटीशन फॉर आर्ट एंड कल्चर देशराग में जिया भारद्वाज पेंटिंग में फर्स्ट, क्लासिकल डांस में सेकंड और भरतनाट्यम में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी में जूनियर वर्ग में एंजल पावस्कर कक्षा छठवीं को द क्लासिकल डांस में दूसरा स्थान मिला है। कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम साहू ने किया। इस अवसर पर उपप्राचार्य पुष्पा बड़ा, अमरनाथ सिंह, डॉ श्रावणी सिंह, गीता माली, राहत तसनीम, उषा शर्मा, संजीव भदोरिया, नीता दास, आशुतोष सिंह, सतीश धीवर, ऋषभ वर्मा, डॉ अजय आर्य आदि उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

# रिटायर कर्मियों ने जताया आभार याद किया अपना सेवाकाल



**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने समारोह का आयोजन कर सितंबर 2024 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताया और अपने सेवाकाल से जुड़ी यादें साझा की। सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान अध्यक्ष पूरन देवांगन ने सभी रिटायर सदस्यों को जीवन के नए अध्याय की शुरुआत पर शुभकामनाएं दी।

सोसाइटी के अन्य पदाधिकारियों ने भी समारोह को संबोधित किया। इन रिटायर कर्मियों में नंद राम यादव प्लेट मिल, जीवानंदन देशमुख बार एंड रॉड मिल, पोट्टी राजेंद्र राव ब्लास्ट फर्नेस, रमेश कुमार तिवारी रिफ्रैक्ट्रीज मटेरियल प्लांट-2, फलधर शर्मा मटेरियल रिकवरी विभाग, नंद कुमार, टंकोधर भारद्वाज, संत कुमार साहू कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग, जीवी शेषाद्री इंडस्ट्रियल रिलेशन, अंकुश कुमार दास प्लेट मिल, जालम सिंह पारसेंद सिंटर प्लांट-3, तिलक प्रसाद देवांगन, रविशंकर हिरवानी, जगेन्द्र सिंह संजय कुमार सिंह रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल, वेंकट रमन मूर्ति वायर रॉड मिल, सुरेश कुमार दुबे रिसर्च एंड कंट्रोल लैब, एस जयश्री कंस्ट्रक्शन (पीएसयू), सहदेव राम साहू कैपिटल हैवी मेंटेनेंस 1-2 , अनादि देब मेडिकल और केके बामने रिसर्च एंड कंट्रोल लैब शामिल हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर, असमां परवीन, संचालक मंडल सदस्यगण विपिन बंछोर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर, शशिभूषण सिंह, नितिशा साहू और वेद प्रकाश सूर्यवंशी तथा सोसायटी के कर्मियों में पिजुष कर, सुदीप बेनर्जी सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। मंच संचालन शशिभूषण सिंह और आभार प्रदर्शन अशोक राठौर ने किया।



## दिल्ली में हुए नेशनल नेवल हैकाथॉन में रूंगटा आर-1 कॉलेज की टीम ने जीता पुरस्कार

# कोडिंग स्किल्ड अब पहले से और भी होगी बेहतर विद्यार्थियों ने तैयार किया सॉफ्टवेयर, बने विजेता

भिलाई। प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों से कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों की कोडिंग स्किल्ड अब पहले से और भी बेहतर होगी। कॉलेज के पहले दिन से ही उनको कोडिंग की बारीकियां सिखाने के लिए जितनी मेहनत प्रोफेसर्स करेंगे, उतनी ही कोशिश एक विशेष सॉफ्टवेयर भी करेगा। कोडिंग के दौरान सॉफ्टवेयर में होने वाली गलतियों को समझाने से लेकर अच्छी कोडिंग करने पर रिवॉर्ड देगा। यह सॉफ्टवेयर भिलाई के रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर साइंस विभाग के विद्यार्थियों ने तैयार किया है। जिसे दिल्ली में हुए नेशनल लेवल हैकाथॉन में द्वितीय पुरस्कार दिया गया। इस हैकाथॉन में देश की 30 नामी निजी व शासकीय टेक्निकल यूनिवर्सिटी और 90 कॉलेजों ने भाग लिया, जिसमें रूंगटा ग्रुप की टीम ने देशभर की 31 टीमों को पछाड़कर स्थान हासिल किया।

**भिलाई।** विगत दिनों गाजियाबाद में हुए दो दिवसीय हैकाथॉन में माइक्रोसॉफ्ट के अफसर भी शामिल हुए। इसके साथ देश दुनिया की नामी सॉफ्टवेयर कंपनी के प्रोग्राम डेवलपर्स ने विद्यार्थियों के बनाए टूल्स और सॉफ्टवेयर को परखा। इस हैकाथॉन के जरिए भिलाई का नाम देशभर में मशहूर हुआ। यह सॉफ्टवेयर कॉलेज के छात्र हर्षवर्धन, अभिषेक राजन और अचल कुमार ने तैयार किया है।





### इस तरह काम करेगा सॉफ्टवेयर

यह हैकाथॉन अमरीकी कंप्यूटर सॉफ्टवेयर बेस्ड कम्युनिटी सीशार्प कॉनर्स ने कराया। टेक्नोक्रेट्स ने 24 घंटे कोडिंग कर ब्लॉकचेन कोडिंग पर आधारित सॉफ्टवेयर और टूल तैयार किए। रूंगटा आर की विजेता टीम ने मौजूदा कंप्यूटर इंजीनियर्स के लिए एक ऐसा टूल बनाया है, जिससे पढ़ाई के दौरान छात्रों को प्रोग्रामिंग सीखने में बड़ी मदद मिलेगी। अभी तक प्रोग्रामिंग के दौरान कंप्यूटर लैब में हर छात्र अकेले कोडिंग करता है, लेकिन इस टूल के जरिए हर दिन की प्रोग्रामिंग क्लास में छात्रों में स्पर्धा कराई जा सकेगी। यह टूल छात्रों को प्रॉब्लम स्टेटमेंट देने के साथ छात्रों की कोडिंग स्किल पर नजर रखेगा। ऐसे छात्र जो कंप्यूटर प्रोग्रामिंग में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे, उनके खाते में रिवॉर्ड जमा होंगे। कुल मिलाकर कंप्यूटर कोडिंग में छात्रों को दक्ष बनाने के लिए यह एक तरह की स्पर्धा होगी जिससे छात्र कोडिंग में महारत हासिल कर सकेंगे और भविष्य में अच्छे रोजगार के लायक बन सकेंगे।

## कॉलेज की कंप्यूटर लैंब में बढ़िया कोडिंग करके दिखाओ, कूपन व कैश रिवॉर्ड पाओ

### अब मजेदार बनेगी कंप्यूटर प्रोग्रामिंग

इस टीम के मेंटर डॉ. पद्मावती और डॉ. हूमा खान ने बताया कि, वर्तमान दौर में सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री पूरे शबाब पर है। ऐसे में कॉलेज में दुनिया की सभी नामी कंपनियों के कैंपस प्लेसमेंट आ रहे हैं। प्लेसमेंट के लिए आने वाली कपंनियां विद्यार्थियों के एप्टीट्यूड टेस्ट लेने के साथ उनकी सॉफ्टवेयर कोडिंग स्किल्स को भी खास तवज्जो देती है। ऐसे में बेहतर स्किल्स वाले विद्यार्थियों को काफी बड़े पैकेज पर हायर किया जाता है। कोडिंग को बेहतर बनाने के लिए सबसे जरूरी प्रैक्टिस होती है, जिसमें विद्यार्थियों का इजाद किया गया यह सॉफ्टवेयर उनकी मदद करेगा। यह सॉफ्टवेयर कोडिंग के दौरान आने वाले ऐरर को भी मेजर करेगा, साथ में उसका सॉल्यूशन भी देगा। जिससे कोडिंग सीखना काफी मजेदार हो जाएगा।

## अच्छी कोडिंग पर मिलेंगे रिवॉर्ड





रूंगटा आर-1 कॉलेज के प्रोफेसर व इस टीम के मेंटर डॉ. अजय कुशवाहा ने बताया कि, जल्द ही विद्यार्थियों के बनाए इस सॉफ्टवेयर को कॉलेज के कंप्यूटर इस्तेमाल में लेंगे। इस सॉफ्टवेयर के जरिए विद्यार्थियों को पढ़ाई करते करते पैसे कमाने का मौका भी मिलेगा। सॉफ्टवेयर की प्रोग्रामिंग इस तरह से की गई है कि, जो विद्यार्थी जितनी अच्छी प्रोग्रामिंग करेगा, उसको उतना ही रिवॉर्ड मिलेगा। इस रिवॉर्ड प्वाइंट का इस्तेमाल कर विद्यार्थी इससे कुछ भी खरीद सकता है। इस तरह इस कोशिश से विद्यार्थियों में बेहतर रिवॉर्ड प्वाइंट् के लिए मेहनत करने की भावना आएगी। इसके साथ वे अपनी प्रोग्रामिंग स्किल्ड को शानदार बना पाएंगे। यह एक तरह का कॉम्पीटिशन होगा, जिसमें सॉफ्टवेयर हर एक स्टूडेंट्स की कोडिंग को खुद परखकर प्रोग्रेस रिपोर्ट जारी कर देगा।

# आयोडीन अल्पता व तंबाकू के दुष्प्रभावों पर दिया भाषण, विजेता हुए पुरस्कृत

**भिलाई।** विश्व आयोडीन अल्पता दिवस और तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान विषय पर संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में किया गया। आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी तथा गोदग्राम समन्वयक डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम द्वारा तंबाकू और उससे बने पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया गया तथा भारत में किशोर एवं युवाओं द्वारा तंबाकू उत्पादों की लत की गंभीर समस्या पर विद्यार्थियों से विचार विमर्श किया गया। इस दौरान सपना पांडे, विभागाध्यक्ष फूड एंड न्यूट्रिशन विभाग ने आयोडीन अल्पता से होने वाली बीमारियों और उपचार के संबंध में विस्तृत व्याख्यान दिया। साथ ही





आयोडीन अल्पता के दुष्परिणाम और तंबाकू उत्पाद एवं युवा विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोडीन अल्पता के दुष्परिणाम विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रेरणा साहू बीएससी पंचम सेमेस्टर जुलॉजी ने प्रथम व जसकीरत कौर, डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तम्बाकू उत्पाद एवं युवा विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में देवाशीष साहू बीएससी तृतीय सेमेस्टर माइक्रोबायोलॉजी ने प्रथम व जसकीरत कौर, डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर फूड एंड न्यूट्रिशियन ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। डॉ. अजय सिंह, डीन कला एवं मानवीकी की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में प्राध्यापकगण पूर्ति पवन, स्वीटी तिवारी, श्वेता कुमारी, लीलम चंद्राकर, सूरज जंघेल, पूजा चैरसिया, डॉ. भूमिका मिश्रा, अखिलेश सेन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

# उर्स पाक में सजी मुशायरे की बज्म शायरों ने अपने कलाम पेश किए

**दुर्ग।** इमामुल मोहब्बत ताजुल औलिया हजरत ख्वाजा जलालुद्दीन खिज्र रूमी हसन अलैहिरहमां दरे मुर्शिद नगर केलाबाड़ी दुर्ग में 46वें उर्स पाक पर पहले दिन तरही मोुशायरे की महफिल सजाई गई।

जिसमें हिंदुस्तान के अलग-अलग हिस्सों से आये हुए तमाम शायरों ने तरही नाअत पाक और तरही मिसरे पर मनकबत शरीफ पेश किए। इस मुशायरे की सदारत उस्ताद शायर अब्दुल रशीद अरशद जबलपुरी ने और निजामत सुखनवर हुसैन सुखनवर रायपुरी ने की। इस महफिल को तरतीब से सजाने संवारने का काम सूफी युसूफ ने बखूबी अंजाम दिया। इस बज्म.में सूफी नवेद रूमी सअदी, नवेद रज़ा दुर्गवी, अलोक कुमार नारंग, रियाजुद्दीन रूमवी (बाबू भाई) मौदहा उ.प्र., अजीम अयाज दुर्ग ,अरशद जबलपुरी, रामेश्वर शर्मा रायपुर, इरफानुद्दीन इरफान धरसींवा, मौलाना गफूर दुर्ग, एजाज़ बशर भिलाई , डॉ.नौशाद अहमद सिद्दीकी चरौदा भिलाई, सूफी बदरूद्दीन सफवी रायपुर, हाजी रियाज खान गौहर भिलाई, हुसैन रायपुरी और दिगर शायरों ने अपने कलाम पेश किए। उर्स पाक में 18 से 22 अक्टूबर तक कई आयोजन हो रहे हैं।

### मनाई जाएगी खुशियों की दीपावली

**भिलाई।** डोनेट थोड़ा सा संस्था द्वारा जरूरतमंद बच्चों के साथ खुशियों की दीपावली दुर्ग के ऋषभ देव परिसर में 27 अक्टूबर को मनाई जाएगी। आयोजककर्ता अभिजीत पारख द्वारा पिछले 10 सालों से यह आयोजन लगातार जरूरतमंद बच्चों के चेहरे में खुशियां लाने के लिए किया जा रहा है।

## देश राग राष्ट्रीय नृत्य, संगीत सहित ड्राइंग और पेंटिंग स्पर्धा का रंगारंग समापन

कार्नर न्यूज



# नन्हे बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मोहा मन, गुरु, शिष्य और निर्णायकों का किया सम्मान





**भिलाई।** ट्विनसिटी में पिछले नौ दिनों से चल रहे शास्त्रीय संगीत व नृत्य सहित अनेक रचनात्मक कलाओं की प्रतियोगिता का समापन गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए किया गया। इस दौरान सभी प्रतिभागी व निर्णायक सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### अलग-अलग राज्य से पहुंचे कलाकार

नृत्यधाम कला समिति द्वारा आयोजित नौ दिवसीय देश राग ओपन राष्ट्रीय नृत्य, संगीत सहित ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का रंगारंग समापन सोमवार को हुआ। अंतिम दिन गुरु, शिष्य सहित सभी जजों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के आयोजक नृत्य गुरु डॉ. राखी रॉय ने बताया कि सोमवार को आयोजन का अंतिम दिन था। आज प्रतिभागियों ने वेर्स्टन डांस, सितार वादन, फोक डांस, रविंद्र नृत्य, बाउल गान, नजरुल नृत्य, सेमी क्लासिकल की प्रस्तुति दी। नन्हे मुन्ने बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा। देश के अलग अलग राज्यों से पहुंचे दूसरे कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को बांधे रखा।

### शास्त्रीय कलाओं के प्रति लोगों का झुकाव-डॉ राखी

डॉ. राखी रॉय ने बताया कि एक समय ऐसा था जब बच्चों में शास्त्रीय संगीत और नृत्य के प्रति कम रुचि रखते मिलती थी। सभी डॉक्टर व इंजीनियर बनना चाहते थे। वर्तमान में शास्त्रीय संगीत और नृत्य के प्रति लोगों का झुकाव काफी बढ़ा है। इसका जीता जगता उदाहरण 13 से 21 अक्टूबर तक चले देश राग का है, जिसमें शास्त्रीय संगीत, वादन और नृत्य की प्रस्तुति देने देश के अलग अलग राज्यों से करीब दो हजार प्रतिभागी बच्चे अपने गुरुओं के साथ दुर्ग - भिलाई पहुंचे थे।

## सिटी इवेंट

# स्व-सहायता समूह की मोमबत्ती व सजावटी दीपों से रौशन होंगे घर




**दुर्ग।** दीपावली में चारों ओर रोशनी बिखेरने सिद्धि स्व सहायता समूह की मोमबत्तीयां इस बार ग्राम पंचायत से लेकर शहर तक को रोशन करेगी। समूह की अध्यक्ष पुष्पा साहू व सचिव सरोज साहू आत्मनिर्भर नारी के रूप में ग्राम पंचायत में उभर कर अपनी एक अनोखी छाप छोड़ रही है। बच्चों व घर की देखभाल में ही अपना समय व्यतीत करने वाली पुष्पा साहू स्व सहायता समूह से जुड़कर गांव की महिलाओं को एकत्रित कर बिहान योजना में कार्य करना शुरू किया। कार्य करते हुए बैंक से लोन लेकर आचार, पापड़ मोमबत्ती, दिया व केक का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने साथ-साथ और महिलाओं को घरेलू व्यवसाय के लिए प्रेरित किया। पुष्पा ने बताया कि महिलाओं के साथ जुड़कर वे साल भर में 1 से 2 लाख की आमदनी कर रही है। जिसमें इनके बच्चों की पढ़ाई लिखाई के खर्च कर रही है।



### बनाएं गये सजावटी दीप

समूह की महिलाएं दिवाली में विशेष रूप से मोमबत्ती, दिये, सजावटी समान को बेचकर गांव से शहर तक पहुंचा रही है। पुष्पा साहू बताती है कि अन्य ग्राम पंचायत जिला राजनांदगांव, रायपुर, बेमेतरा जैसे जिलों में प्रशिक्षण भी दे रही है। जिससे वह अन्य महिलाओं को प्रेरित कर उनको आत्मनिर्भर बना रही है। हमारे समूह में कुल 11 सदस्य है। 2015 में समूह गठन होने के बाद आपसी लेन-देन उसके बाद बैंक से लोन लिये लोन लेकर सबसे पहले आचार बनाने का कार्य शुरू किया। आमदनी अच्छी होने पर मोमबत्ती बनाने की ट्रेनिंग लिए और कार्य को करने लगे। अब मोमबत्ती रायपुर, बालोद, कवर्धा, बस्तर, जगदलपुर आदि स्थानों में जाने लगी जिससे हमारी आर्थिक स्थिति काफी बेहतर हो चुकी है। वर्तमान में बस्तर जिले में 20 हजार की मोमबत्ती बेची गई है।

## धर्म लाइव

# मंत्र-जप व साधना से मिलेगी नशा से मुक्ति, बताए उपाय




**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय पुलगांव दुर्ग में राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस जम्बूरी -2024 का आयोजन किया गया है। शिविर में राज्य भर के जूनियर रेडक्रॉस के 1500 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसी कड़ी में दुर्ग जिला कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्ति विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। शिविर में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी, डॉ प्रमोद गुप्ता के साथ गायत्री परिवार के प्रतिनिधि के रूप दिव्य भारत युवा संघ के प्रांतीय संयोजक डॉ. पी. एल साव एवं डॉ. योगेन्द्र कुमार सम्मिलित हुए। गायत्री परिवार द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान पर प्रकाश डालते हुए डॉ. साव ने बताया कि नशे के गिरफ्त मे बच्चे, युवा व मजदूर वर्ग फस जाते है। नशे की गिरफ्त में आ गया हो तो उसे छोड़ने का एक ही रास्ता है और वो है संकल्प शक्ति। डॉ. साव ने कहा कि गायत्री मंत्र जाप, योग, ध्यान द्वारा नशा रुपी राक्षस से बचा जा सकता है।

## समाज इवेंट

# मरार पटेल समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 17 नवंबर को



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश मरार पटेल समाज द्वारा 17 नवंबर को धमधा दुर्ग में प्रदेश स्तरीय युवक-युवती सम्मेलन किया जाएगा। यह निर्णय कोर ग्रुप की बैठक में लिया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश मरार पटेल समाज के कोर ग्रुप की बैठक पटेल विद्या मंदिर रायपुर में संपन्न हुई। इस दौरान कई प्रमुख बिंदुओ पर चर्चा की गई और इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ प्रदेश को. मरार पटेल समाज का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 17 नवंबर को धमधा में आयोजित किए जाने पर सभी ने सहमति दी। परिचय माला पुस्तिका प्रकाशन के लिए विवाह योग्य समाज के युवक-युवती का निःशुल्क बायो डेटा संकलन प्रभारियों के पास 5 नवंबर तक अनिवार्य रूप से जमा किए जाने का निर्णय हुआ है। समाज हित में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस बैठक में भिलाई से समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, संरक्षक लोचन पटेल, कोषाध्यक्ष लिलार सिंह पटेल, उपाध्यक्ष खेलूराम पटेल, महामंत्री कुबेर पटेल भी उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, संयोजक राजेंद्र नायक पटेल, संरक्षक अमर सिंह पटेल, रामेश्वर पटेल, महासचिव ललित पटेल, उपाध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल, पवन पटेल, डॉ घनश्याम पटेल, उपकोषाध्यक्ष शिवनारायण पटेल, राजीनीति प्रकोष्ठ अध्यक्ष यज्ञदेव पटेल, शतरूपा पटेल महिला प्रकोष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष, राजकुमार पटेल रायपुर राज अध्यक्ष आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। जानकारी देते हुए समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष लिलार सिंह पटेल ने विवाह योग्य युवक-युवती का अधिक से अधिक डाटा पुस्तिका प्रकाशन के लिए देने की अपील सामाजिक बंधुओं से की है।

● कला मंदिर में आयोजित स्वच्छता वीर सम्मान में 55 स्वच्छता वीर सम्मानित

# स्वच्छता की जिम्मेदारी किसी एक की नहीं हम सबकी है: राज्यपाल रमेन

**भिलाई।** राज्यपाल रमेन डेका सोमवार को भिलाई नगर के सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर में आयोजित स्वच्छता वीर सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्यपाल ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत भिलाई नगर को स्वच्छ बनाये रखने में अपना अमूल्य योगदान देने वाले 55 स्वच्छता वीरों को महात्मा गांधी का छायाचित्र, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन और दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव भी सम्मलित हुए।

समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल डेका ने सम्मान समारोह में शामिल सभी स्वच्छता वीरों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का यह अवसर हमारे समाज के उन सच्चे नायकों और नायिकाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का है, जिनकी निस्वार्थ सेवा और परिश्रम से हमारा शहर स्वच्छ और स्वस्थ रहता है।



### समाज को दिशा देने में मिली कामयाबी



छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय ने कहा कि आज से दस वर्ष पूर्व देश के प्रधानमंत्री द्वारा प्रारम्भ किये गए अभियान आज समाज को दिशा देने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कहा कि आज समाज के सभी वर्ग स्वच्छता के महत्व को समझने लगे हैं। श्री पांडेय ने लोगों से स्वच्छता के इस अभियान को आगे भी जारी रखने का आव्हान किया। उन्होंने आज सम्मानित स्वच्छता वीरों को बधाई दी। विधायक रिकेश सेन ने सम्मान समारोह आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नगर के नागरिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और स्वच्छता वीर बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में सफाई का बड़ा महत्व

राज्यपाल ने कहा कि हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में सफाई का महत्व बहुत अधिक है, लेकिन इसके पीछे की मेहनत को हम अक्सर नजर अंदाज कर देते हैं। जो कठिन परिश्रम आप करते हैं, वह हमारे पर्यावरण को स्वच्छ बनाता है, हमारे स्वास्थ्य और जीवन स्तर को भी बेहतर करता है। आप सब वास्तव में 'स्वच्छता वीर' हैं, क्योंकि आप अपनी सेवाओं से हमें स्वस्थ जीवन जीने का आधार देते हैं।



### स्वच्छता अभियान को बढ़ावा दे रहा है हमारा देश

राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि 'स्वच्छता, स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है। इसी विचार को लेकर हमारा देश स्वच्छता अभियान को बढ़ावा दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी के स्वच्छता के सपनों को साकार करने के लिए उनकी जयंती पर स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी। श्री मोदी ने इस अभियान को एक जन आंदोलन बनाया। स्वच्छता ही सेवा अभियान जैसे कार्यक्रम से लोगों को स्वच्छता के प्रति संवेदनशील बनाने का प्रयास किया गया। स्वच्छता अभियान में आप सभी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। आप सभी ने इस जिम्मेदारी को जिस कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ निभाया है, वह सराहनीय है।राज्यपाल डेका ने उपस्थित जनों से आग्रह किया कि इसी तरह अपना योगदान देते रहें और हमें प्रेरित करते रहें। आप सभी का यह परिश्रम न केवल भिलाई बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। स्वच्छता वीरों का यह योगदान समाज के हर वर्ग के लिए आदर्श है। आप इसी तरह देश और समाज की सेवा करते रहेंगे और समाज में स्वच्छता और स्वास्थ्य का प्रसार करेंगे। राज्यपाल ने स्वच्छता वीरों के सम्मान समारोह के आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपका यह प्रयास समाज को यह संदेश देता है कि स्वच्छता की जिम्मेदारी केवल सरकार या संस्थानों की नहीं है, बल्कि हम सभी की है।

## आहार की दी जानकारी

# बच्चों को सुपोषित बनाने पहल, बांटे प्रोटीन पाउडर और स्वच्छता किट

**भिलाई।** सामाजिक संस्था गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन ने भिलाई नगर पालिक निगम के विभिन्न वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र पहुंच मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषण की स्थिति में लाने पहल की। यहां फाउंडेशन ने स्वच्छता को अपनाने प्रशिक्षण दिया, वहीं प्रोटीन पाउडर, स्वच्छता किट और बच्चों की मालिश हेतु आयुर्वेदिक तेल का वितरण किया। घासीदास नगर, फौजी नगर जवाहर नगर और हाउसिंग बोर्ड में आंगनबाड़ी केंद्रों में यह पहल की। जिसमें गंभीर और मध्यम कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को सेक्टर पर्यवेक्षक उमेश



शुक्ला ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी।

### शासन की योजनाओं से कराया अवगत

उन्होंने मुख्य रूप से कुपोषण क्या है, कुपोषण के कारण, कुपोषण से बचाव, कुपोषण को दूर करने के उपाय, बच्चों को शासकीय योजना से लाभान्वित करने, सतत स्तनपान, शिशु को छह माह पश्चात उपरी आहार, पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) की जानकारी पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही बच्चों को कृमिनाशक दवा, आयरन सिरप और विटामिन ए सिरप की समय पर खुराक लेने और कार्यकर्ताओं को समय-समय पर दवाई देने के बारे में बताया गया। बच्चों के आहार में मूंग दाल, चावल एवं स्थानीय सब्जी मिक्स खिचड़ी का उपयोग लाभकारी बताया गया। केंद्र से मिलने वाले रेडी टू ईट के सही उपयोग पर जानकारी और बच्चों की माता को परामर्श दिया गया।

### आहार की विविधता जरुरी

फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बच्चों को कुपोषण से सुपोषण की ओर लाने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित किया एवं महिलाओं को संस्थान की तरफ से सम्मानित करने की बात कही। उन्होंने कुपोषण भगाओ-सुपोषण लाओ को सार्थक बनाने में स्थानीय सब्जी, फल और मोटे अनाज का इस्तेमाल करने और इनकी विविधता एवं बारंबारता पर विशेष ध्यान देने कहा। प्रकाश देशमुख, विशाखा मनगुड़े ने कहा कि यदि छोटा कुपोषित है तो आने वाले समय में उसमें बीमारी की आशंका अधिक होती है। बच्चों में कुपोषण होने से उनके विकास की वृद्धि सुपोषित बच्चों की तुलना में कम होती है। फाउंडेशन की ओर से अजित सिंह ने गर्भवती महिलाओं को समझाया कि गर्भ में 3 वर्षों का अंतराल एवं खान-पान में विशेष ध्यान देकर एक सुपोषित बच्चे को जन्म देने में सहायक हो सकती है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा पाठक जीतू मनहर, उमेश्वरी, किरण सिंह, भगवती साहू, सिंधु बघारे, ताज बेगम और सहायिका मारुति गुप्ता व चंचल निषाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## सराहनीय पहल

# कन्या के विवाह में ट्रांसपोर्ट एसो. ने परिवार की आर्थिक मदद कर निभाया अपना दायित्व



**भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसो. का आयोजन**

**भिलाई।** मानव सेवा ही माधव सेवा का संकल्प लेकर ट्विनसिटी में अनेक समाजिक संगठन अपने-अपने स्तर पर अनेक सेवा कार्य में अनवरत लगे रहते है। कही कोई जरुरतमंदों को भोजन कराकर तो कही निशुल्क स्वास्थ सेवा देते रहते है। वहीं समाज में एक वर्ग ऐसा भी है जो आर्थिक रुप से कमजोर परिवार में कन्या के होने वाले विवाह में आर्थिक मदद कर परिवार को सबलता प्रदान करते है। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोशिएशन के द्वारा अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सोमवार को एसोशिएशन के काफी पुराने सदस्य वाहन चालक अवध सिंह की बेटी कुमारी मोनिका के विवाह में 25000 नगद राशि सहयोग देकर पूरे परिवार को अग्रिम बधाई एवं बेटी मोनिका को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। एसोशिएशन के संरक्षक प्रभुनाथ मिश्रा, गनी खान, महेंद्र सिंग, गोपाल खंडेलवाल, सुधीर सिंग ठाकुर, अध्यक्ष इंद्रजीत सिंग छोटू, कार्यकारणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकीत सिंग, कोषाध्यक्ष जोगा राव, सोम सिंग, एसोशिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में भेंट दिया गया।

## शिकायत भी है जिसे जिंदगी सब देती है: डॉ. अजय आर्य

# त्योहारों के संग, खुशियों के रंग में दिखी मुस्कान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और गेम्स में बने विजेता



**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज, संताजी सांस्कृतिक मंडल भिलाई-दुर्ग की नई कार्यकारिणी का समाज द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ शुभांगी गिरडकर नेत्र विशेषज्ञ, शुभदा कामड़े डायरेक्टर प्रगति महिला सहकारी बैंक, रेडिओलॉजिस्ट डॉ शोभा फटिंग उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत संताजी महाराज के जयकारे के साथ माल्यार्पण, आरती और भजन के साथ हुआ। त्योहारों के संग खुशियों के रंग कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



### जीवन में अध्यात्मिक नियमों का पालन जरुरी

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ शोभा फटिंग ने कहा कि देश अध्यात्म विज्ञान से आगे है। हम सबको अपने जीवन में अध्यात्मिक नियमों का पालन करना चाहिए। डॉ अजय आर्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी को समाज के लिए वक्त निकालना चाहिए। बच्चों और नई पीढ़ी को समाज से जरूर जोड़ना चाहिए। इस अवसर पर महाराष्ट्रीयन तेली समाज की नई कार्यकारिणी ने पदभार ग्रहण किया।

### गेम्स में हुए विजेता हुए पुरस्कृत

समाज के नये अध्यक्ष राजेंद्र डोरले सहित सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी को समाज के उत्थान के लिए बेहतरीन कार्य और प्रोत्साहित करने सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में हाऊजी खेल का आयोजन किया गया। हाऊजी में पलक बागड़कर, रिया पोहाने, संजय मरगढे, मोहित साकरकर ने जीत दर्ज करके पुरस्कार प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन अंशिता साकोरे, पलक बागरगड और नई कार्यकारिणी के सम्मान समारोह का संचालन सुनील कामडे ने किया।

### इनका हुआ सम्मान

इस दौरान समाज के अध्यक्ष राजेंद्र डोरले, उपाध्यक्ष राजेंद्र भांगे, जितेश भोगाड़े, उदय कुंभलकर, मोहित साकरकर, महासचिव आशीष चिंधालोरे, कोषाध्यक्ष संजय मरघडे, महिला विंग में अध्यक्ष निशा मलेवार, सचिव रश्मि बागड़कर, हेमा पोहाने, युवा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र बारई, सचिव मोहित निखड़े, डॉ. अजय आर्य मलेवार आदि को समाज की ओर से सम्मानित किया गया।

ज्योतिष

## मंगल का अपनी नीच राशि कर्क में गोचर, जानें कैसा होगा सभी पर प्रभाव



ऊर्जा, जोश, साहस, पराक्रम, युद्ध और रक्त का कारक ग्रह मंगल अब कर्क राशि में प्रवेश कर चुके हैं। ग्रहों में सेनापति कहे जाने वाले मंगल 20 अक्टूबर को दोपहर करीब 3 बजकर 4 मिनट पर चंद्रमा के स्वामित्व वाली राशि कर्क में गोचर कर चुके हैं। मंगल अब मिथुन राशि की अपनी यात्रा को विराम देते हुए कर्क राशि में कुछ दिनों तक विराजमान रहेंगे। कर्क राशि मंगल की नीच राशि है। ऐसे स्थिति में मंगल का प्रभाव कुछ अच्छा नहीं रह सकता है। मंगल के अपनी नीच राशि में होने से नकारात्मक असर देखने को मिलेगा। आइए जानते हैं मंगल का ज्योतिष शास्त्र में महत्व।

### ज्योतिष में मंगल का महत्व

वैदिक ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों का सेनापित का दर्जा प्राप्त है। मंगल युद्ध, उत्तेजना, क्रोध, साहस, आवेग, भूमि और सेना का कारक ग्रह माना जाता है। मंगल ग्रह को दो राशियों का स्वामित्व प्राप्त है पहला मेष और दूसरा वृश्चिक राशि। मंगल मकर राशि में उच्च के और कर्क राशि में नीच के हो जाते हैं। वहीं मंगल चित्रा, मृगशिरा और धनिष्ठा नक्षत्र का स्वामित्व हासिल है। मंगल एक से दूसरे राशि में गोचर करने के लिए करीब 45 दिनों का समय लेते हैं। मंगल ग्रह एक पुरुष प्रधान ग्रह हैं और मंगल का स्वभाव से उग्र ,ऊर्जा और भूमि का कारक माना गया है। अगर किसी जातक की कुंडली में मंगल मजबूत स्थिति में हैं तो जातक बहुत ही साहसी और खतरों से खेलने वाला होता है। ऐसा व्यक्ति कठिन से कठिन चुनौतियों का सामना करने से नहीं घबरता है, बल्कि डटकर सामना करता है और अपने शत्रुओं या विपरीत परिस्थितियों पर आसानी से विजय प्राप्त करता है। वहीं अगर कुंडली में मंगल की स्थिति कमजोर है तो यह जातक बुरे काम करने वाला और अपराधी हो सकता है। मंगल के मजूबत होने पर व्यक्ति सेना और पुलिस महकमे में उच्च पदों को प्राप्त करता है। मंगल के शुभ होने पर व्यक्ति भूमि, भवन और अच्छे मकान का सुख भोगता है।

## अपनी राशि के अनुसार करें धनतेरस की खरीदारी, बरसेगी मां लक्ष्मी की कृपा



दीपावली से दो दिन पहले धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। धनतेरस के दिन खरीदारी करने की परंपरा है। मान्यता है कि धनतेरस में खरीदारी करने से 13 गुना धन की वृद्धि होती है। इस दिन मां लक्ष्मी, भगवान धनवंतरी और कुबेर देवता की पूजा का विधान है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश लेकर भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे, इसलिए इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है, जिससे परिवार के सदस्य आरोग्य रहते हैं। धनतेरस के दिन खरीदारी का सबसे ज्यादा महत्व है, लेकिन अगर आप अपनी राशि के अनुसार खरीदारी करते हैं, तो यह बेहद लाभकारी साबित हो सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि आप अपनी राशि के अनुसार धनतेरस के दिन कौन सी चीजें खरीद सकते हैं।

### राशि अनुसार करें धनतेरस की खरीदारी

मेष राशिः मेष राशि के जातकों को धनतेरस के दिन चांदी का बर्तन जरूर खरीदना चाहिए।

वृषभ राशिः वृषभ राशि के जातकों को धनतेरस के दिन सादा कपड़ा या चांदी का सिक्का ख़रीदना चाहिए।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों के लिए धनतेरस के दिन पीतल का बर्तन खरीदना शुभ होगा।

कर्क राशिः कर्क राशि वाले चांदी का सिक्का या सफेद वस्तु धनतेरस के दिन जरूर खरीदें। इससे माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

हाई बीएमआई वाले बच्चों में वयस्कता में हृदय रोग होने की आशंका 40% अधिक होती है

# आपके बच्चे के दिल की सेहत है खतरे में, ये एक लापरवाही कम कर सकती है उसकी उम्र

बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए स्वस्थ बचपन को मूल आधार माना जाता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक आहार देने, उन्हें बाहर खेलने के लिए भेजने, मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह देते हैं। कई अध्ययनों में बच्चों में बढ़ते मोटापे की समस्या को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ चिंता जताते रहे हैं। अधिक वजन या मोटापा के शिकार बच्चों में न सिर्फ कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा रहता है, साथ ही बचपन की ये एक समस्या उनकी उम्र भी घटा सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चों में मोटापा की समस्या न केवल गंभीर स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ाने वाली हो सकती है, बल्कि इसे भविष्य के लिए भी कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण माना जाता है। मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि मोटापा के शिकार बच्चों में सामान्य वजन वाले बच्चों की तुलना में कई तरह की क्रोनिक बीमारियों के विकसित होने का जोखिम अधिक हो सकता है। कम उम्र में मोटापा के कारण होने वाले दुष्प्रभावों को समझने के लिए किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि ये समस्या समय से पहले मौत का भी कारण बन सकती है।



### बच्चों में मोटापा की समस्या खतरनाक

एक रिपोर्ट से पता चलता है कि दुनियाभर में 880 मिलियन (88 करोड़) से अधिक लोग मोटापा से पीड़ित हैं। इसमें 160 मिलियन (16 करोड़) से अधिक लोग पांच से 19 की आयु वाले हैं। ये संख्या लगातार बढ़ रही हैं, जिससे युवा पीढ़ी के बीच मोटापा एक 'महामारी' के रूप में बढ़ती जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मोटापे के लिए भले ही कोई भी कारण जिम्मेदार क्यों न हो, ये कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं को बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है। बचपन में मोटापा के कारण युवावस्था में हृदय रोग, डायबिटीज, लिवर की बीमारियों सहित संपूर्ण स्वास्थ्य पर इसका नकारात्मक असर हो सकता है।

### कम उम्र में हृदय रोगों का बढ़ जाता है खतरा

अधिक वजन या मोटापा की समस्या को हृदय रोगों के लिए प्रमुख जोखिम कारक के रूप में जाना जाता है। वजन अधिक होने के कारण शरीर को रक्त का संचार ठीक रखने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है। इसके अलावा मोटापा को उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) और हाई कोलेस्ट्रॉल जैसे हृदय रोग के जोखिम कारकों को भी बढ़ावा देने वाला माना जाता है। इसी से संबंधित साल 2023 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि हाई बीएमआई वाले बच्चों में वयस्कता में हृदय रोग होने की आशंका 40% अधिक होती है। हृदय रोगों को वैश्विक स्तर पर मृत्यु के प्रमुख कारकों में से एक माना जाता है।

### मोटापा कम कर सकती है कुल आयु

बचपन में मोटापा की समस्या क्रोनिक बीमारियों को तो बढ़ाती ही है। साथ ही ये स्थिति आपकी कुल उम्र को भी कम करने वाली हो सकती है। इसी से संबंधित स्वीडिश वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि बचपन में मोटापा होने से 55 वर्ष की आयु से पहले मृत्यु का जोखिम दोगुना हो सकता है। न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित इस रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बच्चों सहित सभी उम्र के लोगों में मोटापा को कम कम करने के प्रयास करने पर जोर दिया है।



### बढ़ जाता है डायबिटीज का जोखिम

हृदय रोग और डायबिटीज दोनों की समस्या दुनियाभर में तेजी से बढ़ती देखी जा रही है। कम उम्र में मोटापा की दिक्कत, भविष्य में इन दोनों ही बीमारियों को बढ़ाने वाली हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं मोटापा इंसुलिन प्रतिरोध का कारण बन सकती है, जिस वजह से शरीर में ग्लूकोज का स्तर काफी तेजी से बढ़ने लगता है। शोध से पता चलता है कि मोटापा से ग्रस्त बच्चों में कम बीएमआई वाले बच्चों की तुलना में मधुमेह विकसित होने की आशंका अधिक देखी जाती रही है। गौरतलब है कि डायबिटीज की समस्या, हृदय रोगों का भी कारण बन सकती है। इसके अलावा इससे किडनी की बीमारी, आंखों को रोशनी कमजोर होने और तंत्रिकाओं में क्षति होने जैसी जटिलताओं का जोखिम भी अधिक हो सकता है।



## हड्डियों को कमजोर कर सकती है कैल्शियम की कमी

कैल्शियम एक ऐसा मिनरल है जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाए रखने के लिए जरूरी है। यह मांसपेशियों के काम को बेहतर बनाने, नर्वस सिस्टम को स्वस्थ रखने, खून के थक्के को जमाने का भी काम करता है। शरीर में कैल्शियम की कमी से हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियां हो सकती हैं। दांत कमजोर और टूट सकते हैं, मांसपेशियों में दर्द और ऐंठन हो सकती है, झुनझुनी, सुन्नपन और मांसपेशियों में कमजोरी हो सकती है, दिल की धड़कन कम होना और शरीर में थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है। शरीर के कामकाज को बेहतर बनाए रखने के लिए कैल्शियम जरूरी है, लेकिन कुछ लोगों के लिए कैल्शियम उनकी सेहत के लिए भारी पड़ सकता है। कई ऐसी कंडीशन हैं, जब आपको अपने शरीर में कैल्शियम भरने से रोक देना चाहिए।

### किडनी स्टोन

मेयो क्लीनिक (ref) के अनुसार, शरीर में कैल्शियम की अधिक मात्रा से किडनी स्टोन होने का खतरा है। किडनी स्टोन खनिजों और लवणों से बने कठोर जमाव हैं जो किडनी के अंदर बनते हैं। कैल्शियम ऑक्सलेट से बने किडनी स्टोन का एक सामान्य प्रकार है। बहुत अधिक कैल्शियम का सेवन करना ऐसी स्थिति में नुकसानदायक हो सकता है। जिन लोगों को पहले कभी किडनी स्टोन हुए हैं, उन्हें कैल्शियम ऑक्सलेट से सावधान रहना चाहिए।

### हाइपरकैल्सीमिया वाले लोग

हाइपरकैल्सीमिया एक ऐसी स्थिति है जहां खून में बहुत अधिक कैल्शियम होता है। यह विभिन्न कारणों से हो सकता है। हाइपरकैल्सीमिया के लक्षणों में मतली, उल्टी, भ्रम, थकान, अत्यधिक प्यास, बार-बार पेशाब आना और गंभीर मामलों में किडनी फेलियर शामिल हैं। यदि आपको हाइपरकैल्सीमिया है या इसके विकसित होने का खतरा है, तो कैल्शियम सप्लीमेंट लेने से स्थिति खराब हो सकती है।

### सार्कोइडोसिस से पीड़ित लोग


सार्कोइडोसिस एक सूजन वाली बीमारी है जो विभिन्न अंगों, विशेषकर फेफड़ों और लिम्फ नोड्स को प्रभावित करती है। सार्कोइडोसिस के प्रभावों में से एक खून में कैल्शियम का लेवल बढ़ना है, जिससे हाइपरकैल्सीमिया हो सकता है। सार्कोइडोसिस वाले लोगों को कैल्शियम सप्लीमेंट लेने से बचना चाहिए, क्योंकि ज्यादा कैल्शियम उनकी स्थिति को बढ़ा सकता है।

### कुछ प्रकार के कैंसर

ब्रेस्ट कैंसर, लंग और मल्टीपल मायलोमा आदि में खून में कैल्शियम लेवल बढ़ने का खतरा होता है। इसे अक्सर कैंसर से संबंधित हाइपरकैल्सीमिया कहा जाता है। इन कंडीशन में कैल्शियम सप्लीमेंट्स लेने से कैल्शियम लेवल और ज्यादा बढ़ सकता है।



## अनार खाना वेट लॉस के लिए बेहद असरदार



सर्दियों में अनार का सेवन जरूर करना चाहिए। इस सीजनल फ्रूट में कैलोरी और फैट की मात्रा कम होती है जो कि फैट न बढ़ाने का काम करती है। इसके साथ खास तरह के फाइबर और मेटाबॉलिज्म बढ़ाने की क्षमता वेट लॉस को प्रभावशाली बनाती है। इसके लिए अनार को 5 तरीकों से खा सकते हैं। अनार खाने के कई सारे फायदे हैं, कुछ लाभों के बारे में सभी लोग जानते भी नहीं हैं। अगर अनार को सही तरीके से खाया जाए तो यह वेट लॉस में मदद कर सकता है। इसका सेवन केवल पेट ही नहीं, बल्कि हाथ और जांघ से भी चर्बी कम करने का काम करता है। सर्दियों में अनार का सेवन जरूर करना चाहिए। अधिकतर लोग जानते हैं कि अनार खाने से खून बनता है, यह ब्लड सर्कुलेशन सुधारने में भी मदद करता है। रक्त प्रवाह सुधरने की वजह से शरीर में गर्माहट बनी रहती है और ठंड से बचाव होता है। अब जानते हैं कि वेट लॉस में अनार किस तरह मदद करता है। मोटापा एक वैश्विक समस्या है, जिसने दुनिया के हर हेल्थ एक्सपर्ट की नींद उड़ा रखी है। इसे कंट्रोल करने के लिए डाइट का हेल्दी होना जरूरी है। एनसीबीआई पर मौजूद शोध कहता है कि अनार और उसका रस फैट कम करने में असरदार देखा गया है। इसके पीछे फल में मौजूद एंथोसाइनिन, टैनिन और एंटीऑक्सीडेंट्स का हाई लेवल हो सकता है।

## हैदराबाद को 1 रन से हराकर वीनू मांकड वन डे ट्राफी के सेमीफाइनल में पहुंचा छत्तीसगढ़



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर 19 विनु मांकड वन डे ट्राफी छत्तीसगढ़ की टीम का क्वार्टर मैच सोमवार को राजकोट में हैदराबाद अंडर 19 टीम के विरुद्ध खेला गया। रोमाचंक मैच में हैदराबाद को 1 रन से हराकर छत्तीसगढ़ ने सेमी फायनल में प्रवेश किया। वर्षा के कारण मैच देरी से शुरु हुआ। मैच 33 ओवरों का खेला गया जिसमें छत्तीसगढ अंडर 19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 33 ओवरों में 8 विकेट खोकर 236 रनों का स्कोर बनाया। छत्तीसगढ का पहला विकेट जल्दी गीरने के बाद उपेन्द्र कुमार यादव तथा साहिल रजत शरीफ ने शानदार बल्लेबाजी का प्रर्दशन किया तथा क्रमशः 77 एवं 73 रनों का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 146 रनों की साझेदारी की। उनके अतिरिक्त छत्तीसगढ की ओर से आलोक कुमार गुप्ता ने 22 रन तथा कप्तान विवेक यादव ने 21 रन बनाये।

### हैदराबाद की धीमी शुरुआत

हैदराबाद अंडर 19 टीम की ओर से मलिक ने 4 विकेट तथा मनीष ने 3 विकेट प्राप्त किया। 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद अंडर 19 की टीम ने वर्षा प्रांरभ होने तक 22.4 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 139 रन ही बनाये थे। विदर्भ की ओर से कप्तान आरोन जार्ज ने सर्वाधिक 54 रन नाबाद तथा अन्वित रेड्डी ने 22 रन बनाये। छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों ने किफायती गेंदबाजी की और नियमित अंतराल में विकेट लेते रहे। छत्तीसगढ़ की ओर से विकल्प तिवारी, धनंजय नायक तथा साहिल रजत शरीफ ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ ने मैच वी जेडी मैथोड से 1 रन से जीत लिया। इस तरह टीम ने सेमी फायइल में प्रवेश किया।

कार्नर न्यूज

मई में प्रकाशित डब्ल्यूएचओ की वैश्विक रिपोर्ट में जताई चिंता

# ज्यादातर भारतीय खा रहे हैं तय मात्रा से दोगुना नमक, जानिए क्या हो सकते हैं इसके नुकसान

हाई सोडियम (नमक) वाली चीजों को सेहत के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक माना जाता रहा है। अध्ययनों से पता चलता है कि नमक वाली चीजों के अधिक सेवन के कारण ब्लड प्रेशर बढ़ने का खतरा रहता है, जिसे हृदय रोगों का प्रमुख कारण माना जाता है। पर इसके नुकसान सिर्फ हृदय रोगों तक ही सीमित नहीं हैं, ये आदत आपमें किडनी की बीमारी, हड्डियों की कमजोरी को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। यानी शरीर को स्वस्थ और फिट रखना है तो आहार में नमक की मात्रा कम करना बहुत जरूरी है। ज्यादा नमक खाने के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं और इससे बचाव के लिए सबसे पहले ये जानना जरूरी है कि हमें कितनी मात्रा में नमक खाना चाहिए? और कितना नमक नुकसानदायक हो सकता है। एक रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में ज्यादातर लोग विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित मात्रा से दो-तीन गुना अधिक नमक खाते हैं। कहीं आप भी तो बहुत अधिक नमक का सेवन नहीं कर रहे हैं?





### कितना नमक खाना सेहत के लिए ठीक है?

डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञ कहते हैं, अच्छी सेहत के लिए वयस्कों को दिनभर में 4-5 ग्राम से अधिक नमक का सेवन नहीं करना चाहिए। ये मात्रा एक चम्मच नमक के बराबर है। यहां समझना जरूरी है कि नमक के सेवन का मतलब सिर्फ भोजन में डालने वाले नमक से नहीं है। चिप्स, नमकीन, पैक्ड फूड्स, जंक फूड आदि में भी नमक की अधिक मात्रा होती है। इन सभी चीजों को मिलाकर एक दिन में एक टेबलस्पून से अधिक नमक नहीं खाना चाहिए।

### भारत में नमक की खपत अधिक

इसी साल मई में प्रकाशित डब्ल्यूएचओ की वैश्विक रिपोर्ट में चिंता जताते हुए विशेषज्ञों ने कहा था कि भारतीय लोग तय मात्रा से बहुत अधिक नमक का सेवन करते हैं। रिपोर्ट में भारत को अत्यधिक नमक की खपत वाले शीर्ष 50 देशों में रखा गया है। स्वस्थ शरीर के लिए आदर्श मात्रा प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 5 ग्राम तक है, जबकि ज्यादातर लोग प्रतिदिन 11 ग्राम से अधिक नमक खाते हैं।

### बढ़ता जा रहा है हाई ब्लड प्रेशर का खतरा

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट कहती है, हर चार में से एक व्यक्ति हाइपरटेंशन का शिकार हो सकता है। हाइपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर को हृदय रोगों के लिए प्रमुख जोखिम कारक माना जाता है। डॉक्टर कहते हैं, आहार में नमक की मात्रा कम करके ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखा जा सकता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अल पचीनो ने किए जिंदगी से जुड़े अनसुने किस्से शेयर



यूं तो यह बात दिग्गज अमेरिकी एक्टर अल पचीनो अपने इंटरव्यूज में पहले भी कह चुके हैं कि 'द गॉडफादर' में शुरुआती दौर में फिल्म के डायरेक्टर फ्रांसिस फोर्ड कोपोला उनके काम से इतने नाराज थे कि उन्हें निकालना चाहते थे। लेकिन अक्सर ऐसे इंटरव्यूज में मुकम्मल बात नहीं आ पाती। लोग यह भी जानना चाहते हैं कि हालात ऐसे थे तो फिर वे बदले कैसे। किस लम्हे ने इसे नया मोड़ दिया। अल पचीनो ने अपने संस्मरण SONNY BOY में इस वाकये से परदा हटाया है और बताया है कि असल में हुआ क्या था। वह लिखते हैं कि एक रोज एक रेस्तरां में कोपोला ने उन्हें बुलाया और कहा कि वह अच्छा काम नहीं कर पा रहे हैं। कोपोला की नाराजगी को यूं समझा जा सकता है कि उन्होंने अल पचीनो को बैठने तक को नहीं कहा। इशारा साफ था कि अल पचीनो का काम आगे भी वैसा ही रहा तो उन्हें फिल्म छोड़नी पड़ेगी।

### टॉलीवुड

## रजनीकांत के सुपर स्टारडम को 11वें दिन लगा झटका



बॉक्स ऑफिस पर रजनीकांत को बड़ा झटका लगा है। ओपनिंग वीकेंड में बंपर कमाई करने वाली 'वेट्टैयन' से उम्मीद थी कि यह दूसरे वीकेंड में भी धमाल मचाएगी। लेकिन अफसोस कि ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ। दूसरी ओर, जूनियर एनटीआर की 'देवरा' का हाल भी वीकेंड के बावजूद बुरा रहा है। सुपरस्टार रजनीकांत के स्टारडम को बड़ा झटका लगा है। उनकी आलिया रिलीज 'वेट्टैयन' ने जहां अपने दूसरे वीकेंड को ठीक-ठाक कमाई की है, वहीं रविवार को छुट्टी के बावजूद फिल्म की कमाई में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। जबकि उम्मीद यही थी कि धीमी हो चली कमाई की रफ्तार में रविवार को तगड़ा उछाल मिलेगा। दूसरी ओर, जूनियर एनटीआर की 'देवरा' का सुस्तहाल रविवार को भी जारी रहा है। रिलीज के 24वें दिन इस फिल्म के कारोबार में भी कोई खास तेजी नहीं देखी गई है। टीजे ज्ञानवेल के डायरेक्शन में बनी 'वेट्टैयन' में अमिताभ बच्चन, फहाद फासिल और राणा दग्गुबाती भी हैं। रजनीकांत के स्टारडम की बदौलत इस फिल्म ने चार दिनों के पहले वीकेंड में 104.75 करोड़ रुपए की तगड़ी कमाई की थी। लेकिन पहले सोमवार से ही इसकी कमाई अर्श से फर्श पर आ गिरी। ऐसे में उम्मीद थी कि दूसरे वीकेंड में एक बार फिर धमाका होगा। लेकिन 'वेट्टैयन' 12.45 करोड़ रुपए ही कमा सकी। 'वेट्टैयन' का बजट 300 करोड़ रुपए है। लेकिन जिस तरह इसका हश्र हुआ है। सोमवार से यह गिरकर 1-1.50 करोड़ के बीच पहुंचने वाली है। बीते 11 दिनों में फिल्म ने सबसे अधिक 115.01 करोड़ रुपए की कमाई तमिल वर्जन से की है। जबकि हिंदी वर्जन से महज 3.89 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ है। तेलुगू वर्जन से 15.33 करोड़।

### भोजपुरी

## खेसारी लाल यादव ने शुरू की 'अग्नि परीक्षा' की शूटिंग



भोजपुरी सिनेमा के स्टार खेसारी लाल यादव एक बार फिर से दर्शकों को रोमांचित करने के लिए तैयार हैं, और इस बार वह नजर आएंगे मशहूर डायरेक्टर लाल बाबू पंडित की अगली फिल्म 'अग्नि परीक्षा' में। फिल्म का भव्य मुहूर्त हाल ही में संपन्न हुआ, जिसमें भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं। अब इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। शूटिंग अमेठी के मुसाफिर खाना में चल रही है। खेसारी लाल यादव ने 'अग्नि परीक्षा' को लेकर कहा, 'मैं इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हूं। डायरेक्टर लाल बाबू पंडित के साथ काम करना हमेशा एक शानदार अनुभव होता है। फिल्म की कहानी और इसका प्रेजेंटेशन दर्शकों को जरूर पसंद आएगा। हम हर बार कुछ नया और बेहतर देने की कोशिश करते हैं, और इस बार भी दर्शकों को एक दमदार फिल्म मिलेगी।' खेसारी ने आगे कहा, 'मुझे यकीन है कि 'अग्नि परीक्षा' दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाएगी। मेरे चाहने वालों का प्यार और समर्थन ही मुझे प्रेरित करता है कि मैं हर बार कुछ अलग और बेहतरीन करूं। मैं उम्मीद करता हूं कि यह फिल्म भी आप सभी को पसंद आएगी, जैसे हमेशा से आपने मेरे काम को सराहा है। फिल्म में खेसारी के साथ आकांक्षा पुरी और नीलम गिरी मुख्य किरदारों में नज़र आएंगी।

## रोनित और सौंदर्या ने बिखेरा जलवा

टेलीविज़न के मेगास्टार रोनित बोस रॉय और जोशीली सौंदर्या शर्मा ने लिबास के लिए शोस्टॉपर के रूप में रैंप पर जलवा बिखेरा। सौंदर्या ने 'मस्ताना' कलेक्शन से एक फूलों से सजी गुलाबी लहंगा पहना, जबकि रोनित ने हाथ से बनाए गए कट दाना वर्क वाले हाथी दांत सफेद बंदगला ट्रेंच कोट में चार चांद लगा दिए। यह कलेक्शन हर उस चीज़ का प्रतीक था जो दुल्हन और उनके परिधान से जुड़ा है। कलेक्शन एक सफर था जो शुद्ध सफेद, नरम काले और म्यूट गोल्ड टोन से होकर गुज़रा। यह शो एक काव्यात्मक यात्रा की तरह था, जो रूपांतरण और पुनः खोज को दर्शाता है। फिनाले वॉक चर्चा का विषय बन गया जब पिता-पुत्र डिज़ाइनर जोड़ी रियाज़ और अमन गांगजी ने रोनित और सौंदर्या के साथ ग्रूवी डांस नंबर पर दिल जीत लिया।




## इन चीजों से फेशियल करने पर चमक जाएगी स्किन, दीपावली से पहले करें ट्राई

चेहरे पर निखार पाने के लिए महिलाएं तरह-तरह के ट्रीटमेंट्स लेती हैं। वहीं पार्लर पर महंगे फेशियल भी करवाती हैं। सॉफ्ट और ग्लोइंग स्किन हर किसी को पसंद होती है, ये लुक में चार चांद लगाती है। वैसे तो अच्छी स्किन के लिए पौष्टिक डायट जरूरी है और स्किन की रंगत को निखारने के लिए नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करना जरूरी है। यहां हम उन चीजों के बारे में बता रहे हैं जिससे आप आसानी से फेशियल कर सकते हैं।



### दही से साफ हो जाएगी स्किन

दही स्किन पर नेचुरल मॉइस्चराइजर की तरह काम करता है। इसके इस्तेमाल से स्किन हेल्दी बनी रहती है। इसकी मदद से आप फेशियल भी कर सकते हैं। इसके लिए दही से चेहरे को साफ करें। फिर दही में चावल का आटा और हल्दी मिलाकर स्क्रब करें। मसाज के लिए दही में शहद या एलोवेरा जेल को मिलाएं और सर्कुलर मोशन में मसाज करें। अंत में दही और चंदन मिलाकर फेस पैक बनाएं।

### एलोवेरा जेल से स्किन फील करेगी फ्रेश

स्किन के लिए एलोवेरा जेल काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो चेहरे पर प्रोटेक्टिव लेयर बनाते हैं। सबसे पहले एलोवेरा जेल को चेहरे पर लगाएं और साफ करें। फिर एलोवेरा जेल में ओट्स का पाउडर मिलाकर पेस्ट बनाएं। इससे स्क्रब करें। मसाज करने के लिए एलोवेरा जेल में खीरे का रस मिलाएं और फिर चेहरे की मालिश करें। अब पैक लगाने के लिए एलोवेरा जेल में गुलाब जल और विटामिन ई मिलाएं।

## अपनी हाइट के हिसाब से चुनिए कपड़े, कॉन्फिडेंस बढ़ेगा




छोटी हाइट वाली लड़के हो या लड़की उन्हें कपड़ों का सेलेक्शन करने में काफी ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में परफेक्ट कपड़ों का चुनाव करना अपने आप में एक बहुत बड़ा चैलेंज है। लेकिन आज हम आपको इस दिशा में कुछ खास टिप्स देंगे.फैशन के मामले में हर लड़की काफी ज्यादा कॉन्शियस होती है। समय और जगह के हिसाब से उन्हें अपने आउटफिट्स पहनना काफी ज्यादा अच्छा लगता है। सिर्फ इतना ही नहीं, मौसम के हिसाब से कपड़े पहनना तो उनका खास शौक होता है। लेकिन, छोटी हाइट के कारण स्मार्टनेस कम हो जाती है। आप कितनी भी सुंदर हो लेकिन आपकी हाइट कम है तो आप कुछ भी नहीं पहन सकते है। क्योंकि, हर कपड़ा आप पर अच्छा लगे यह जरूरी नही है। जिसके कारण अंदर ही अंदर कॉन्फिडेंस कम होने लगता है।

### लंबे कुर्ते के साथ पहनें चूड़ीदार

छोटी हाइट वाली लड़कियां ऐसे कपड़ों का चुनाव करें जो आपके लिए परफेक्ट साबित हो। जिसे कैरी करने या पहनने के बाद आप सुंदर लगें। आइए जानें आउटफिट्स से जुड़े कुछ खास आइडियाज। अगर आप कुर्तियों के शौकीन हैं तो लंबे कुर्ते पहनें। साथ ही साथ इसके साथ चूड़ीदार पहने।
अनारकाली सूट अगर पहनें तो वी नेक शेप रखें। अगर आपके कंधे ब्रॉड है तो चाइनीज कॉलर और पफ्ड स्लीव्स को बिल्कुल इग्नोर करें। आपको सलवार या प्लाजो को बिल्कुल इग्नोर करना चाहिए।



### ड्रेसिंग स्टाइल के दौरान इन टिप्स को फॉलो करें

कम हाइट वाली लड़कियों को क्रैपी और 1/3 ट्राउजर्स पहनने से पूरी तरह से परहेज करना चाहिए। इसकी जगह आप स्लिम लोअर पहनें।मोनोक्रोम पैटर्न या ऊपर से लेक नीचे रंग तक एक ही कलर के पहनें। **लो वेस्ट की बजाय हाई वेस्ट पहनें**। फिटिड जींस पहनने से भी हाईट बेहतर नजर आएगी। जीन्स के साथ गहरे रंग का अपर वियर पहनें, इससे आप लंबी नजर आएंगी। इसके अलावा क्रॉप टॉप या फॉर्मल शट्र्स पहन सकती हैं। टर्टल या बोट नेक के बजाय वी शेप नेक को प्राथमिकता दें।
**लो वेस्ट की बजाय हाई वेस्ट पहनें**। फिटिड जींस पहनने से भी हाइट अच्छी नजर आती है। जीन्स के साथ गहरे रंग का टॉप वियर करें। इससे आप लंबी नजर आएंगी। इसके अलावा क्रॉप टॉप या फॉर्मल शट्र्स पहनें. टर्टल या बोट नेक के बजाय वी नेक पहनें।

## घर पर कोयले से बना चारकोल मास्क चेहरे से खींच लेगा सारी गंदगी

दीपावली आने वाली है और जाहिर सी बात है कि मार्केट आना-जाना लगा रहेगा और साथ ही धूल, मिट्टी, पसीने और पॉल्यूशन से भी सामना होता रहेगा। भले ही आप फेस वॉश का इस्तेमाल करके चेहरे की गंदगी को साफ कर लें, लेकिन इसकी संभावना भी अधिक है कि केमिकल वाले ये फेस वॉश आपकी स्किन को ड्राई कर सकते हैं या फिर पिंपल ला सकते हैं। आमतौर पर त्वचा से गंदगी साफ करने की हमारी पहली चॉइस चारकोल फेस वॉश होती है, लेकिन मार्केट वाले प्रोडक्ट में केमिकल्स भी मिले होते हैं। लेकिन अगर हम कहें कि आप घर पर ही 2 टुकड़े कोयले की मदद से फेस मास्क बना सकते हैं और चेहरे के अंदर तक जमी गंदगी को साफ कर सकते हैं। जी हां, आइए आपको बताते हैं ब्यूटी कंटेंट क्रिएटर मनप्रीत कौर का बताया कोयले से फेस मास्क बनाने का तरीका।



### चारकोल के स्किन बेनिफिट्स

चेहरे पर चारकोल का इस्तेमाल गंदगी को साफ करने के लिए तो किया ही जाता है, साथ ही ये हमारी स्किन से अतिरिक्त तेल को साफ करने, पोर्स को क्लीन करने और स्किन टोन को इवन करने में मदद करता है। आपकी त्वचा हमेशा चमकती रहे, इसलिए आज हम आपको कंटेंट क्रिएटर मनप्रीत के बताए चारकोल फेस मास्क की रेसिपी बताने वाले हैं।

**फेस मास्क बनाने के लिए क्या चाहिए?**

कोयला- 2 टुकड़े (3-3 इंच के), नींबू- 2, मुल्तानी मिट्टी- 1-1/2 चम्मच, एलोवेरा जेल- 1 चम्मच, गुलाब जल- जरूरत अनुसार

## इन फैशन हैक्स से होगी जिंदगी आसान, हर महिला को होनी चाहिए इनकी जानकारी

हर महिला, चाहे वह कामकाजी हो या गृहिणी, उसकी दिनचर्या सुबह से शाम तक भागदौड़ भरी ही रहती है। घर के कामों में फिर भी कोई आपकी मदद कर देता है, लेकिन तैयार आपको खुद ही होना पड़ता है, वह भी ज्यादा समय लगाए बिना। आप चाहे कितनी भी व्यवस्थित क्यों न हों, कुछ न कुछ छूट ही जाता है और आप इस कम समय में उतनी सुंदर नहीं लग पातीं, जितना कि लगना चाहती हैं। ऐसे में न सही हेयर स्टाइल बन पाता है, न सही से मेकअप हो पाता है। वहीं कई बार कोई कपड़ा बहुत ढीला दिख रहा होता है तो कभी शर्ट के दो बटनों के बीच से स्किन झांक रही होती है।

### फैशन टेप : नहीं फिसलेंगे कपड़े

कई बार हाई नेकलाइन और शोल्डर लेंथ वाले कपड़ों से त्वचा झांकने लगती है। ऐसा जब ऑफिस या परिवार में बड़े-बुजुर्गों के बीच हो जाता है तो आंखें शर्म से नीची हो जाती हैं। तब यह समझ नहीं आता कि क्या करें, कैसे झांकती त्वचा को छिपाएं! ऐसी अजीब परिस्थितियों और मुसीबतों से बचने का उपाय है, डबल साइड वाली फैशन टेप।



### फिटकरी पेंसिल : सेफ्टी गैजेट

कई बार आईब्रो या अपर लिप्स पर शेविंग करते हुए, सेफ्टी पिन लगाते हुए या फिर अपने नाखून ही खुद को चुभ जाते हैं और आप चोटिल हो जाती हैं, जिसमें से खून भी बहने लगता है। मुसीबत तब ज्यादा बड़ी लगती है, जब ऐसा कुछ घर से बाहर हो। ऐसे समय में आपकी बेस्ट सेफ्टी गैजेट बनेगी छोटी-सी फिटकरी पेंसिल। इसे आप बाजार से या ऑनलाइन खरीद सकती हैं।

### हील कुशन : आराम ही आराम


हील्स पैरों को कितना परेशान करती हैं, आप अच्छी तरह जानती हैं। मगर इसमें भी दो राय नहीं कि ये कम हाइट वाली महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करती हैं। ऐसे में खूबसूरती को बढ़ाने और पैरों को आराम देने के काम आएगा हील कुशन।

## कार्नर न्यूज

### घनी दाढ़ी और मूछों का क्रेज आज फैशन स्टेटमेंट बन रहा

## घनी दाढ़ी और मूंछों से चाहिए दीपावली तक मॉचो लुक तो अपनाएं ये ब्यूटी हैक्स

एक जमाना था, जब लड़कियों का क्रश क्लीन शेव लड़के हुआ करते थे। लेकिन, बदलते समय के साथ आज लड़कों का रफ-एंड-टफ लुक गर्ल्स को अपनी तरफ ज्यादा आकर्षित करता है। मर्दों के बीच घनी दाढ़ी और मूछों का क्रेज आज फैशन स्टेटमेंट बनता जा रहा है। लेकिन, कई बार लाख कोशिशों के बावजूद कुछ लड़के इस बियर्ड लुक को कैरी नहीं कर पाने की वजह से अपने चेहरे को नया लुक नहीं दे पाते हैं। वजह होती है उनकी दाढ़ी और मूछों की ग्रोथ का अच्छा ना होना। अगर आपके साथ भी यही समस्या है तो ये कुछ नेचुरल तरीके अपनाकर आप इस समस्या को दूर करके अपने चेहरे को नया लुक दे सकते हैं।




### डाइट में करें बदलाव

अगर आपकी डाइट अच्छी नहीं है तो कोई भी उपाय, महंगी क्रीम और लोशन आपकी बियर्ड ग्रोथ को अच्छा नहीं कर पाएगा। बियर्ड ग्रोथ के लिए आपको सबसे पहले अपने न्यूट्रिशन पर ध्यान देना चाहिए। अपनी डाइट में प्रोटीन, आयरन और जिंक से भरपूर खाद्य पदार्थों के साथ साबुत अनाज और हेल्दी फैट वाले फूड को शामिल करें।

### मसाज करें

दाढ़ी पर महंगे प्रोडक्ट्स यूज करने की जगह नारियल तेल, आंवला तेल या रोज रात को अरंडी के तेल से मालिश करें। ऐसा करने से दाढ़ी के बालों की ग्रोथ अच्छी होती है। दरअसल, चेहरे की मसाज करने से रक्त का संचार अच्छा होता है और पोषक तत्वों को बालों के रोम छिद्रों तक पहुंचाने में मदद मिलती है, जिससे बाल मोटे और जल्दी बढ़ते हैं।



### उल्टी शेव

ज्यादातर लड़के शेविंग करते समय रेजर सीधा चलाते हैं। ऐसा करने से दाढ़ी के बालों की ग्रोथ कम होती है। अगर आप चाहते हैं कि दाढ़ी के बालों की ग्रोथ अच्छी हो तो शेव करते समय रेजर को उल्टी दिशा में चलाएं। इस टिप को फॉलो करने से धीरे-धीरे चेहरे पर दाढ़ी की ग्रोथ बढ़ने लगेगी।